आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

## सीबीआई के डिप्टी लीगल एडवाइजर जितेंद्र कुमार ने की आत्महत्या

**नई दिल्ली, एजेंसी।** CBI के डिप्टी लीगल एडवाइजर पद पर कार्यरत जितेंद्र कुमार ने आत्महत्या कर ली है। उनका शव फ्लैट की बालकनी में बेल्ट के सहारे लटका हुआ था। वह दिल्ली के डिफेंस कॉलोनी एरिया के हुडको प्लेस में केंद्र सरकार की तरफ से मिले फ्लैट में अकेले रहते थे। उनका परिवार हिमाचल के मंडी जिले में रहता है।

## एक और गैरकश्मीरी पर आतंकी हमला

**श्रीनगर, एजेंसी।** घाटी में एक और गैर-कश्मीरी पर शुक्रवार को आतंकवादी हमला किया गया। पुलवामा में आतंकियों ने एक मजदूर को गोली मार दी। उसे अस्पताल में भर्ती किया गया है। उसकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।पुलिस ने बताया कि इलाके में आतंकवादियों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

● वर्ष- 16 अंक 210- ● जबलपुर ● शुक्रवार, 2 सितम्बर, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष-6 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935





### पीएम नरेंद्र मोदी ने देश को सौंपा स्वदेशी महाबली युद्धपोत

# समंदर में चुनौतियां अनंत भारत का जवाब है विक्रांत

**कोच्चि , एजेंसी।** पीएम नरेंद्र मोदी ने आज देश को पहला स्वदेशी महाबली विमानवाहक पोत सौंप दिया है। उन्होंने इस दौरान देश को संबोधित करते हुए कहा कि यह समंदर की सभी चुनौतियों को भारत का जवाब है। उन्होंने कहा कि आज यहां केरल के समुद्र तट पर हर भारतवासी देश के नए सूर्योदय का साक्षी बन रहा है। आईएनएस विक्रांत पर हो रहा यह आयोजन विश्व के क्षितिज पर भारत के बुलंद होते हौसलों की हुंकार है। आजादी के आंदोलन में हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने जिस सक्षम भारत का सपना देखा था, उसकी एक सशक्त तस्वीर आज हम यहां देख रहा है। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि विक्रांत केवल एक युद्धपोत नहीं है बल्कि 21वीं सदी के भारत के परिश्रम, प्रतिभा, प्रभाव और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। समंदर और चुनौतियां अनंत हैं तो भारत का उत्तर है, आईएनएस विक्रांत। आजादी के अमृत महोत्सव का यह अतुलनीय अमृत है। आत्मनिर्भर होते भारत का अद्वितीय प्रतिबिंब है विक्रांत। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह हर भारतीय के लिए गौरव का अवसर है। लक्ष्य कठिन से कठिन क्यों न हों, चुनौतियां बड़ी से बड़ी क्यों न हों, भारत जब ठान लेता है तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता है। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व के उन देशों में शामिल हो गया है, जो स्वदेशी तकनीक से इतने विशाल एयरक्राफ्ट कैरियर का निर्माण करता है। स्वदेशी पोत को देश को समर्पित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज आईएनएस विक्रांत ने देश को एक नए विश्वास से भर दिया है। देश में एक नया भरोसा पैदा कर दिया है। आज विक्रांत को देखकर समंदर की ये लहरें आह्वान कर रही हैं कि बढ़े चलो, बढ़े चलो। इसके बेस में जो स्टील लगी है, उसे भी भारत के डीआरडीओ के वैज्ञानिकों ने ही तैयार है। इससे जितनी बिजली पैदा होती है, उससे 5000 घरों को रोशन किया जा सकता है। विक्रांत में जितने केबल और वायर इस्तेमाल हुए हैं वे कोच्चि से शुरू हों तो काशी तक पहुंच सकते हैं।



## नौसेना के झंडे से हटा अंग्रेजों का निशान

### अब मिल गई है छत्रपति शिवाजी की पहचान; पीएम मोदी ने किया अनावरण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 सितंबर को यानी आज कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड में भारत के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत को नेवी को सौंपते हुए भारतीय नौसेना के लिए नए ध्वज का भी अनावरण किया। पुराने झंडे में तिरंगे के साथ सेंट जॉर्ज क्रॉस (अंग्रेजों की निशानी) को भी रखा गया था। प्रधानमंत्री ने इसे गुलामी का प्रतीक करार दिया। नए ध्वज में छत्रपति शिवाजी महाराज के चिन्ह को अपनाया गया है। नए निशान पर भारतीय नौसेना का आदर्श वाक्य सम नो वरुण: अंकित है। आपको बता दें कि 15 अगस्त, 1947 को देश जब आजाद हुआ तो भारतीय रक्षा बलों ने ब्रिटिश औपनिवेशिक झंडे और बैज को जारी रखा। 26 जनवरी, 1950 को इसके पैटर्न में बदलाव किया गया था। नौसेना के ध्वज को भी बदल दिया गया था, लेकिन ध्वज में एकमात्र अंतर यह किया गया था कि यूनियन जैक की जगह तिरंगा लगाया गया था।

### सिरफिरा हत्यारोपी भोपाल से गिरफ्तार

# 6 को मार चुका हूं

### गिरफ्तारी के बाद बोला, सीरियल किलर शिवप्रसाद



सागर में 4, पुणे-बैरागढ़ में एक चौकीदार की हत्या की

**भोपाल/सागर,यशभारत।** सागर में 4 चौकीदारों की हत्या करने वाले सीरियल किलर को भोपाल से गिरफ्तार किया गया है। उसने पांचवीं हत्या भोपाल के खजूरी सड़क थाना इलाके में गुरुवार रात गार्ड की हत्या की है। मार्बल के टुकड़ों से उसका सिर कुचला गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि हत्यारे की पहचान शिव गौंड के रूप में हुई है। वो केसली, सागर का रहने वाला है। हत्यारे ने 6 हत्याएं करने की बात कुबूल की हैं। एक गार्ड की हत्या पुणे में भी करना बताया। पूछने पर उसने बताया कि वो सिक्योरिटी गार्डों को मारने के मिशन पर है। वो ऐसे सिक्योरिटी गार्डों को टारगेट करता था जो ड्यूटी के दौरान सोते रहते थे। जानकारी के मुताबिक शिव ने भोपाल में गुरुवार की रात करीब डढ़ बजे चौकीदार सोनू वर्मा (23) की हत्या करना कबूला है। सोनू ईदगाह इलाके में रहता था। वह खजूरी सड़क इलाके में गोरा जी मार्बल की दुकान में काम करता था। खजूरी सड़क थाना प्रभारी संध्या मिश्रा ने बताया कि रात करीब डेढ़ बजे सोनू की उस दौरान हत्या की गई जब वह दुकान में सो रहा था। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। वह फर्राटेदार अंग्रेजी बोलता है। कुछ समय तक उसने गोवा में नौकरी भी की है। इससे पहले सागर में उसने अलग-अलग जगहों पर 4 और 72 घंटे में ही 3 सुरक्षा गार्डों की हत्या की थी। 250 पुलिसकर्मियों की 10 टीमें पिछले 2 दिनों से उसकी तलाश कर रही थीं। पुलिस अधीक्षक तरुण नायक ने कहा कि आरोपी की पहचान सीसीटीवी कैमरे के आधार पर की गई। उसे गिरफ्तार कर पुलिस सागर ले जा रही है। आरोपी सीरियल किलर शिव गौंड ने भोपाल में गुरुवार की रात करीब डेढ़ बजे चौकीदार सोनू वर्मा (23) की हत्या करना कबूला है। सोनू गोरा जी मार्बल पर ड्यूटी पर था। सागर में चौकीदार हल्लू साहू ने बताया, 30 अगस्त को रात 12 से 1 बजे के बीच की बात है। उस दिन तीज का त्योहार था। मैं अंदर लेटा था। देखा कि बाहर गाय लड़ रही हैं। शोरूम के पारदर्शी गेट से बाहर का सब दिखता है। मैं गायों को भगाने के लिए बाहर आया। बाजू में फुल सफेद शर्ट व पेंट पहने एक युवक खड़ा था। उसने मुझसे कहा दाऊ बीड़ी पिलाओ। मैंने पहले अनसुना कर दिया। उसने दूसरी बार बीड़ी मांगी। मैंने उससे कहा कि आ जाओ। वह कैमरे की तरफ देखने लगा और साइड में आ गया। वह कुछ दिन पहले भी यहां आ चुका था। मैं उसे बीड़ी पिलाता था। उस दिन भी मैंने उसे साइड में जाकर बीड़ी दे दी। उसने बीड़ी पीते हुए मुझसे कहा कि दाऊ मुझे रात में सोने वालों पर गुस्सा आता है। मैंने कहा कि क्यों? तो उसने जवाब नहीं दिया। इसके बाद वह मेन रोड से ठाकुर बाबा की तरफ चला गया। उसके साथ एक और शख्स था, जो काफी दूर था, जिसे मैं नहीं जानता। जब वह पहली बार मिला था तब उसने ठाकुर बाबा की तरफ अपना निवास बताया था। सागर के कैंट थाना क्षेत्र में 28-29 अगस्त की दरमियानी रात एक कारखाने में तैनात चौकीदार कल्याण लोधी (50) के सिर पर हथौड़ा मारकर हत्या की। जबकि दूसरी घटना में सिविल लाइन थाना क्षेत्र में 29-30 अगस्त की दरमियानी रात गवर्नमेंट आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज में ड्यूटी पर तैनात एक अन्य चौकीदार शंभू नारायण दुबे (60) के सिर पर पत्थर मार कर हत्या कर दी गई। तीसरी घटना में मोती नगर थाना इलाके में 30-31 अगस्त की दरमियानी रात एक मकान की रखवाली करने वाले मंगल अहिरवार के सिर पर प्रहार कर हत्या की गई थी।

### गृहमंत्री सागर पुलिस को दी बधाई

सीरियल किलर की गिरफ्तारी पर गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने सागर पुलिस को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि अंधी हत्याओं की गुत्थी सुलझाना कठिन टास्क था। लेकिन सागर पुलिस को बधाई कि वह मोबाइल लोकेशन के आधार पर पीछा करते हुए भोपाल तक आई और आरोपित को पकड़ने में कामयाब रही।

## संक्षिप्त न्यूज

### बिहार के सरकारी में बच्ची से रेप

**बेगूसराय, एजेंसी।** बिहार के बेगूसराय के सरकारी स्कूल में दूसरी क्लास में पढ़ने वाली छात्रा के साथ सफाई कर्मी ने टॉयलेट में रेप किया। स्कूल की दूसरी छात्राओं के आने पर आरोपी बच्ची को टॉयलेट में छोड़कर फरार हो गया। जब स्कूल की दो शिक्षिकाओं को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने बच्ची को बिस्किट का पैकेट देकर कहा कि घर जाओ और मां-पापा को इस बारे में कुछ नहीं बताना।बच्ची के पिता और चचेरा भाई शिकायत लेकर स्कूल पहुंचे तो उनके साथ मारपीट की गई। यह घटना 27 अगस्त की है। ग्रामीणों के विरोध और चक्का जाम करने की वजह से पांच दिन बाद सामने आई।

### पिता के सिर में ठोकी कील, फिर फंदे से लटकाया

**सतना, एजेंसी।** मां-बेटे के बीच अवैध संबंध होने की आशंका जताने का खामियाजा 53 वर्षीय को जान देकर चुकाना पड़ा। पुलिस हिरासत में आने के बाद आरोपियों ने वह राज उगला जिसके जरिए उसे दर्दनाक मौत दी गई। यह वारदात मध्यप्रदेश के सतना जिले की है। दरअसल 10 अगस्त को जिस अधेड़ को फांसी के फंदे से लटका हुआ पाया गया था उसकी सच्चाई यह है कि उसके सिर पर आरोपी मां-बेटे ने पहले कील ठोकी थी और बाद में फांसी के फंदे से लटकाकर जान ली थी। ऐसा इसलिए किया गया ताकि पुलिस को यह मामला हत्या का नहीं बल्कि आत्महत्या का लगे। पुलिस पूछताछ में मृतक के बेटे अवध किशोर लोध और पत्नी सुशीला लोध ने बताया कि राम खेलावन लोध का 53 वर्ष से पत्नी सुशीला से पुराना विवाद है। जिसके चलते वह पुत्र अवध किशोर और पत्नी को गाली देता रहता था। वह अक्सर यह बात सबके सामने कहा करता था कि मेरी पत्नी का लड़के से अवैध संबंध है। रात में खटिया के चरमराने की आवाज आती है। इस बात पर तीनों के बीच विवाद होता था। इसी वजह से राम खेलावन की पत्नी व लड़के ने मिलकर सिर में पहले कील ठोकी फिर गले में रस्सी से फांसी लगाकर हत्या कर दी।



### स्कूल के टॉयलेट में कैमरे...

# राष्ट्रीय और राज्य बाल आयोग आमने-सामने

> **स्टेट ने क्लीनचिट दी तो नेशनल टीम बोली- ये चाइल्ड पोर्नोग्राफी...**

रतलाम, एजेंसी। रतलाम के एक स्कूल के टॉयलेट में ष्टष्टञ्जङ्क कैमरे लगाए जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है ,जहां राज्य बाल आयोग यह कहते हुए क्लीनचिट दे चुका है कि ये कोई बड़ा मामला नहीं है। अब इसी के उलट मामले को राष्ट्रीय बाल आयोग ने गंभीर बताया है। राष्ट्रीय बाल आयोग का तो यहां तक कहना है कि ये तो चाइल्ड पोर्नोग्राफी है। मामला नगर के नामली स्थित सेंट जोसेफ स्कूल का है। स्कूल प्रशासन की दलील भी गले नहीं उतर रही है। उल्लेखनीय है कि 10 दिन पहले चाइल्ड लाइन को स्कूल के ही स्टूडेंट ने शिकायत में बताया- कि मैनेजमेंट ने स्कूल टॉयलेट में ष्टष्टञ्जङ्क कैमरे लगवा रखे हैं। शिकायत के अगले ही दिन चाइल्ड लाइन की टीम ने स्कूल पहुंचकर जांच की तो टीम को 2 बॉयज टॉयलेट में कैमरे लगे मिले। स्कूल मैनेजमेंट को नोटिस देकर पूछा था- आखिर ऐसा क्यों किया गया, ऐसा करने की क्या जरूरत पड़ी? चाइल्ड लाइन प्रभारी प्रेम चौधरी को स्कूल प्रिंसिपल सिस्टर निधि ने बताया था कि बच्चे टॉयलेट में गंदी ड्रॉइंग बनाते हैं। किसी का भी नंबर वहां लिख देते हैं, इस वजह से कैमरे लगाए। तब चाइल्ड लाइन ने मैनेजमेंट को साफ कहा था- वजह जो भी हो, टॉयलेट में कैमरे लगाना गलत है। ये बच्चों की प्राइवेसी का उल्लंघन है। मैनेजमेंट से लिखित में जवाब मांगा गया था।चाइल्ड लाइन प्रभारी प्रेम चौधरी को स्कूल प्रिंसिपल सिस्टर निधि ने बताया था कि बच्चे टॉयलेट में गंदी ड्रॉइंग बनाते हैं। किसी का भी नंबर वहां लिख देते हैं, इस वजह से कैमरे लगाए। तब चाइल्ड लाइन ने मैनेजमेंट को साफ कहा था- वजह जो भी हो, टॉयलेट में कैमरे लगाना गलत है। ये बच्चों की प्राइवेसी का उल्लंघन है।

### मुंबई से बंद करानी पड़ी आपूर्ति

# घर पर झगड़ा करने के बाद नशे में बिजली के टावर पर चढ़ गया युवक

**अनूपपुर, यशभारत।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बकेली गांव के पास गुरुवार को एक युवक विद्युत हाईटेंशन लाइन टावर पर चढ़ गया। घर में विवाद होने के कारण वह चार घंटे तक करीब 45 मीटर ऊंचे टावर पर चढ़ा रहा। मुंबई से ट्रांसमिशन लाइन बंद कराकर उसे किसी तरह नीचे उतारा गया। ग्राम पसला निवासी रोहित सिंह (38) पुत्र समयलाल सिंह अपने ससुराल ग्राम पंचायत बकेली के छपराटोला में कुछ वर्ष से रह रहा है। सुबह घर पर झगड़ा हुआ तो वह करीब 12:30 बजे गांव के पास चार लाख केवी विद्युत हाईटेंशन लाइन टावर पर चढ़ गया। युवक शराब के नशे में था।



सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी, कोतवाली पुलिस का स्टाफ व एनडीआरएफ की टीम पहुंची।युवक टावर और कंडक्टर के बीच एक इंसुलेटर पर बैठ गया था। आगे बढ़ता तो उसे करंट का झटका भी लग सकता था। युवक को नीचे आने के लिए कहा जा रहा था, लेकिन वह उतर नहीं पा रहा था। छत्तीसगढ़ के कोरबा पावर प्लांट के सब-स्टेशन से उमरिया जिले के बिरसिंहपुर पाली सब-स्टेशन बिजली आती है। विद्युत आपूर्ति रोकने के लिए मुंबई से अनुमति ली गई। दोपहर करीब 2.30 से 6.05 बजे तक हाईटेंशन टावर लाइन से विद्युत सप्लाई बंद कराई गई।



### ममता बनर्जी ने की RSS की तारीफ तो मचा हंगामा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने हाल ही में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को लेकर एक बयान देकर राजनीतिक पंडितों को चौंका दिया है। उन्होंने परोक्ष रूप से इस संगठन की तारीफ करते हुए कहा कि आरएसएस में सभी बुरे नहीं हैं। उनके इस बयान के बाद कांग्रेस से लेकर सीपीआई (एम) और एआईएमआईएम तक कई विपक्षी दल उनपर हमलावर हैं। विपक्ष ने उन्हें अवसरवादी करार दिया है।आपको बता दें कि बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री बनर्जी ने कहा, आरएसएस पहले इतना बुरा नहीं था।

# झारखंड में राजनीतिक ऊहापोह की स्थिति : हॉर्स ट्रेडिंग की आशंका

### CBI-ED का उपयोग कर परिस्थितियां बनाई जा रही, दारू-मुर्गा पार्टी पर यह बोले विधायक

रायपुर, एजेंसी । झारखंड में उठे सियासी संकट को लेकर छत्तीसगढ़ की राजनीति गरमाई हुई है। भाजपा और कांग्रेस के नेताओं के बीच सियासी जंग जारी है। पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एक-दूसरे पर हमला भी बोल रहे हैं। झारखंड में राजनीतिक ऊहापोह की स्थिति है। हार्स ट्रेडिंग की आशंका के बीच झारखंड के यूपीए गठबंधन के 32 विधायक रायपुर लाए गए। विधायकों को नवा रायपुर के मेफेयर होटल में ठहराया गया है। कांग्रेस और झामुमो के विधायकों के साथ कांग्रेस संगठन के पदाधकारी भी शामिल हैं। झारखंड में कैबिनेट की बैठक के बाद रायपुर के मेफेयर रिसार्ट में ठहरे कांग्रेस व झमुमो विधायकों ने देर रात मीडिया से चर्चा की। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक दीपिका पांडेय, विधायक भूषण बाड़ा, जेएमएम के विधायक सुदीव्य सोनू, स्टीफन मरांडी ने झारखंड में ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने पर खुशी जताई। मीडिया ने सवाल किया कि क्या मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अपने विधायकों पर भरोसा नहीं है। क्या इसी वजह से विधायकों को झारखंड से रायपुर भेजा गया है। कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय ने कहा कि एक बार ठाकरे जी यानी महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से पूछ लीजिए। किस तरह से परिस्थितियां बनाई जाती हैं। किस तरह से ईडी-सीबीआई का इस्तेमाल करके देश में लोकतंत्र को खत्म किया जा रहा है।





### अंबाजी में श्रद्धालुओं पर चढ़ी बेकाबू कार

# छह की मौत, सात घायल

**अहमदाबाद , एजेंसी।** गुजरात के अंबाजी में शुक्रवार सुबह-सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां एक तेज रफ्तार कार ने पैदल जा रहे श्रद्धालुओं को टक्कर मार दी। कहा जा रहा है कि बेकाबू कार श्रद्धालुओं को रौंदते हुए निकल गई। इस दर्दनाक हादसे में छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। वहीं सात श्रद्धालु घायल हुए हैं। सूचना पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचकर छानबीन कर रहे हैं।जानकारी के मुताबिक, ज्यादातर यात्री पंचमहल जिले के काकोल के रहने वाले थे और अंबाजी मंदिर में दर्शन के लिए पैदल जा रहे थे। हादसे में कार आगे से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## तेलंगाना में फिंगरप्रिंट सर्जरी गिरोह का खुलासा

# खाड़ी देशों से निकाले गए दोषियों की उंगलियों के निशान बदलते थे, ताकि वे फिर वहां जा सकें



**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना के हैदराबाद में फिंगरप्रिंट सर्जरी गिरोह का खुलासा हुआ है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये लोग खाड़ी देशों से निकाले गए दोषियों के फिंगरप्रिंट में फेरबदल करते थे, ताकि वे फिर से वहां जाकर नौकरी कर सकें। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने केरल और राजस्थान में भी फिंगरप्रिंट पैटर्न बदलने के लिए ऐसी 11 सर्जरी की हैं। वे एक सर्जरी के लिए 25 हजार रुपए चार्ज करते थे। फिर से कुवैत जाने के लिए सर्जरी कराने वाले दो कंस्ट्रक्शन वर्कर्स को भी गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से सर्जरी के लिए इस्तेमाल की जाने वाली मेडिकल किट और अन्य सबूत जब्त कर लिए गए हैं।आरोपियों के पास से सर्जरी के लिए इस्तेमाल की जाने वाली मेडिकल किट और अन्य सबूत जब्त कर लिए गए हैं हैदराबाद के मलकाजगिरी जोन में 29 अगस्त को एक स्पेशल टीम ने ऑपरेशन चलाया और 4 लोगों को गिरफ्तार किया। ये लोग हैदराबाद के एक होटल में ठहरे थे। पता चला है कि वे घाटकेसर इलाके में और लोगों की सर्जरी करने वाले थे। पुलिस के मुताबिक, पकड़े गए आरोपियों में 36 साल का गजलकोंडुगरी नागा मुनेश्वर रेड्डी कडपा जिले के कृष्णा डायग्नोस्टिक्स में रेडियोलॉजिस्ट और एक्स-रे टेक्नीशियन है। वहीं, 39 साल का सागबाला वेंकट रमना तिरुपति के ष्क्क अस्पताल में एनेस्थीसिया टेक्नीशियन है।



जबलपुर, कटनी, मंडला, भोपाल, नरसिंहपुर, सिवनी से एक साथ प्रकाशित





## बड़ेरिया ग्लोबल इन्स्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एवं मैनेजमेंट कॉलेज में मोटिवेशनल प्रोग्राम

# ब्लड डोनेशन शिविर 7 को, कलेक्टर ने महत्ता, उपादेयता तथा सार्थकता बताई

### विद्यार्थियों तथा ग्लोबल ग्रुप स्टाफ सें बढ़चढ कर हिस्सा ले : सौरभ बड़ेरिया



**जबलपुर, यशभारत।** बड़ेरिया ग्लोबल इन्स्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एवं मैनेजमेंट कॉलेज,जबलपुर के तत्वाववाधान में ब्लड डोनेशन मोटिवेशनल प्रोग्राम का आयोजन किया गया,जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे जबलपुर के कलेक्टर एवंम् इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. इलैयाराजा टी ने विद्यार्थियों से भरे हुए सभागार में ब्लड डोनेशन की महत्ता, उपादेयता तथा सार्थकता पर प्रकाश डाला एवं आगामी 07 सितंबर को इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के माध्यम से आयोजित होने वाले ब्लड डोनेशन केम्प के वृहत अभियान में सहभागिता हेतु सभी को प्रेरित किया। बड़ेरिया ग्लोबल ग्रुप के चेयरमेन एवम् इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के उपाध्यक्ष सौरभ बड़ेरिया द्वारा भी अपने अध्ययक्षीय उदबोधन में जबलपुर में ब्लड की आवश्यकता तथा उपलब्धता पर प्रकाश डालने हेतु विद्यार्थियों तथा ग्लोबल ग्रुप के समस्त स्टाफ को इस कार्य में बढ़चढ कर हिस्सा लेने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के प्रदेश प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य डॉ सुनील मिश्रा ने भी मानवता के इस कार्य में सभी की सहभागिता हेतु निवेदन किया।कार्यक्रम में एनसीसी की छात्रा श्यामली यादव द्वारा भी ब्लड डोनेशन पर स्वरचित कविता प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में संस्थान के डायरेक्टर डॉ. राजीव खत्री द्वारा इस विषय की प्रस्तावना रखी गई कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. आकांक्षा शुक्ला, कार्यकारिणी सदस्य इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी जबलपुर, डॉ. निहारिका यादव, एच. आर. हेड, डॉ. एस. के. शुक्ला, डॉयरेक्टर एवम डॉ. मालती लोधी, रीजनल इस्टीट्यूट ऑफ नर्सिग, डॉ. मृदुला महीधर, डॉयरेक्टर बालाश्री एवम् बीआईपीएमएस इंस्टीट्यूट, प्रो. पूर्णानंद दुबे रजिस्ट्रार, अमित जॉय,डीन एडमिन डॉ. सुमित नेमा,डीन एमबीए डॉ. शैलेन्द्र बसेडिया समस्त विभागाध्यक्ष की उपस्थिति रही कार्यक्रम से 800 से अधिक विद्यार्थी एवम् स्टाफ लाभान्वित हुए।

# डिजिटल खेती की पाठशाला किसानों प्रश्न को विस्तार से समाधान

### कृषि विज्ञान केंद्र जबलपुर और रिलायंस फाउंडेशन के संयुक्त आयोजन

**जबलपुर, यशभारत।** कृषि विज्ञान केंद्र जबलपुर और रिलायंस फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय डायल आउट कॉन्फ्रेंस का आयोजन धान और मक्का की फसल से जुड़े किसानों के मध्य, कृषि विज्ञान केंद्र जबलपुर प्रमुख एवं प्रधान वैज्ञानिक डॉ रश्मि शुक्ला के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अनेक किसानों ने अपने प्रश्न कर समाधान भी प्राप्त किए।



#### खरपतवारों के नियंत्रण हेतु जानकारी दी

कार्यक्रम में आगे किसानों से चर्चा करते हुए कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ नितिन सिंघाई ने धान की फसल में खरपतवारों के नियंत्रण हेतु किसानों को जानकारी दी और कीटों के नियंत्रण हेतु प्राथमिक रूप से क्लोरोपायरीफास नामक दवा की दो 2 एमएल मात्रा प्रति लीटर पानी के साथ घोल बनाकर स्प्रे करने का परामर्श दिया। धान की पत्तियों में ट्राईसाईक्लाजोल नामक दवा का प्रयोग करने से ब्लास्ट नामक रोग पर नियंत्रण पाया जा सकता है इस रोग पर धान की फसल में पत्तियों पर कत्थई रंग जैसा धब्बा होने लगता है। डॉक्टर नितिन सिंघाई ने मक्का की फसल में फॉल आर्मीवर्म नामक कीट के शुरुआती नियंत्रण क्लोरोपायरी फासपास दवा या फेफेनॉफास नाम की दवा की 200ml मात्रा प्रति एकड़ स्प्रे करने का भी परामर्श दिया। किसान भाई जैविक खाद उपचार को खरीदने हेतु जबलपुर स्थित जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के जवाहर जैव उर्वरक केंद्र से संपर्क करें।

#### धान और मक्का की खड़ी फसल में नैनो यूरिया खाद डालें- डॉ रश्मि शुक्ला

डिजिटल खेती की पाठशाला के के अंतर्गत जबलपुर जिले के ग्राम सोनपुर,सुंदरपुर,वीरनेर,सरस्वाही, कुंडम,पौड़ी,धरहर, छितरी,बिछुआ, पनागर, बरगी पाटन के लगभग 170 किसानों को संबोधित करते हुए डॉ रश्मि शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में धान और मक्का की खड़ी फसल में नैनो यूरिया खाद का समुचित प्रयोग करें, साथ ही धान की फसल में जैविक खाद के रूप में नील हरित काई की 4 से 5 किलो मात्रा प्रति एकड़ सड़े हुए गोबर के साथ मिलाकर भुरकाव करें, जैविक खाद स्योडॉमोनास की लगभग 1 लीटर मात्रा प्रति एकड़ खेत में घोल बनाकर अच्छी तरह से फ्लैट नोजल के साथ स्प्रे करें। जिससे धान के पौधों में नत्रजन और नमी की मात्रा एवम पोषक तत्वों की भरपूर मात्रा बनी रहेगी।

#### नि :शुल्क हेल्पलाइन नंबर जारी

रिलायंस फाउंडेशन का सूचना सेवा कार्यक्रम किसानों को खेती बाड़ी पशुपालन स्वास्थ्य शिक्षा की जानकारी देने के लिए तत्पर है इस हेतु किसान भाइयों के लिए नि :शुल्क हेल्पलाइन नंबर 180 0419 8800 पर सुबह 9-30 बजे से शाम के 7-30 बजे तक फोन लगाकर भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है वर्तमान में रिलायंस फाउंडेशन के द्वारा किसान भाइयों तक कृषि विज्ञान केंद्र जबलपुर एवं जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के माध्यम से ध्वनि संदेश कार्यक्रम का संचालन उनके मोबाइल नंबर समय अनुसार किया जा रहा है जिसमें खेती-बाड़ी की समसामयिक जानकारी भेजी जाती है।

# महाप्रबंधक कहलायेंगे अब कार्यपालन निदेशक

**जबलपुर यशभारत।** रक्षा मंत्रालय के नियंत्रण से मुक्त होकर आयुध निगम के तहत आने वाली फैक्ट्रियों को अब शनैः शनैः कारपोरेट कल्चर में ढाला जा रहा है।जिसके चलते अब महाप्रबंधक का पदनाम परिवर्तित करके कार्यकारी निदेशक कर दिया गया है।इस संबंध में एडवांस वेपन एन्ड इक्यूपमेंट इंडिया लिमिटेड( ए डब्ल्यू इ आई एल)ने31 अगस्त2022को आदेश जारी कर दिये हैं।इसके साथ ही निर्माणी के विभिन्न यूनिट प्रमुख जो अपर महाप्रबंधक होते हैं उन्हें उस यूनिट का महाप्रबंधक बनाया गया है। पहले जहां निर्माणी में एक महाप्रबंधक हुआ करते थे अब वहां कार्यपालन निदेशक के मातहत कई महाप्रबंधक अपनी अपनी यूनिटों के प्रमुख और विभागाध्यक्ष होंगे। उल्लेखनीय है कि 1 अक्टूबर 2021 को देश की41आयुध निर्माणियों को जो रक्षा मंत्रालय के नियंत्रण के अधीन आयुध निर्माणी बोर्ड के तहत थीं उन्हें 7 निगमों में विभक्त कर दिया गया है।निगम बनने के बाद कार्यरत अधिकारियों कर्मचारियों को दो वर्ष के लिए मानित प्रतिनियुक्ति पर कर दिया है वहीं सुरक्षा निर्माणियों का लेखा जोखा नियंत्रित करने वाले रक्षा लेखा विभाग के दायरे से सुरक्षा निर्माणियों को बाहर कर दिया है।इसी तरह सुरक्षा निगमों में कारपोरेट कल्चर के अधीन और भी ढांचागत परिवर्तन किये जा रहे हैं।

**सुरक्षा निर्माणियों ढल रही कारपोरेट कल्चर ढांचे के रूप में**

# जारी रहेगा रुक-रुक कर कभी तेज तो कभी धीमी बारिश का सिलसिला

**जबलपुर, यशभारत।** मौसम पर अलग-अलग जगह बन रहे वेदर सिस्टम का असर पड़ रहा है। इन सिस्टमों से बंगाल की खाड़ी से नमी लगातार आ रही है, जिससे जबलपुर समेत प्रदेश के कई इलाकों में कभी तेज तो कभी धीमी बारिश हो रही है। गुरुवार की रात जहां अचानक बादल घिर आए और गरज चमक की साथ जमकर बरसात हुई। वहीं शुक्रवार की सुबह चटख धूप खिल गई। रात में जहां मौसम में ठंडक घुली रही, वहीं सुबह उमस की स्थिति बनी। गुरवार की रात बादलों की तेज गड़गड़ाहट के बीच करीब एक इंच वर्षा हुई। जोरदार वर्षा से मदन महल अंडरब्रिज में जहां कमर तक पानी भर गया। वहीं होमसाइंस कालेज रोड, इंदिरा मार्केट पुल, महानद्दा, जगदंबा कालोनी, विजय नगर क्षेत्रों की सड़कें भी पानी से लबालब हो गईं। होमसाइंस कालेज रोड



पर निर्माणाधीन सड़क व भूमिगत नाली निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे में एक रिक्शा भी आधा समा गया। जिसे क्षेत्रीय नागरिकों के सहयोग से निकाला गया। इसी तरह शहर की बदहाल गड्ढों भरी सड़कों में पानी भरने से वाहन चालक भी अनियंत्रित होकर गिरते नजर आए। मौसम विभाग का कहना है, जबलपुर सहित संभाग के जिलों में अभी कुछ दिन मौसम ऐसा ही रहेगा। अनेक स्थानों पर गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने और बिजली चमकने, गिरने की संभावना बनी रहेगी। जानकारों की मानें तो जम्मू-कश्मीर और सटे पाकिस्तान पर पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव है। उधर मानसून ट्रफ हिमालय में पहुंच गया है, लेकिन तमिलनाडु पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। इस चक्रवात से लेकर विदर्भ से होते हुए मध्य प्रदेश के मध्य भाग तक एक द्रोणिका लाइन बनी हुई है। जिससे सितंबर महीने में भी जोरदार बारिश के आसार हैं। की संभावना है। ऐसा ला नीना सिस्टम के कारण होगा। वर्तमान में भू-मध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र में ला नीना की स्थिति है। ला नीना एक सिस्टम है। मौसम विभाग के मुताबिक ला नीना की स्थिति इस साल के अंत तक जारी रहने की संभावना है। अन्य जलवायु गतिविधियां भी आगामी सीजन के दौरान ला नीना की स्थिति के जारी रहने का संकेत दे रहे हैं। हिंद महासागर में नकारात्मक आईओडी की स्थितियां रहेंगी। इसी कारण सितंबर में अच्छी बारिश हो सकती है। मानसून सीजन में अब तक वर्षा का कुल आंकड़ा करीब 44 इंच के करीब पहुंच चुका है। अब अब 1100 मिलीमीटर से ज्यादा वर्षा हो चुकी है।

# तन्खा ने रेल मंत्री को लिखा पत्र



**जबलपुर से अमृतसर रेल सेवा दोबारा बहाल करने की मांग**

**जबलपुर यशभारत।** जबलपुर में बड़ी संख्या में सिख समुदाय निवास करता है. लेकिन सिख समाज की आस्था के केन्द्र अमृतसर के लिये जबलपुर से आज कोई डायरेक्ट ट्रेन नहीं है. जिसके चलते हजारों लोग परेशान होते हैं. इस समस्या को देखते हुये राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा ने केन्द्रीय रेल मंत्री को पत्र लिखकर जबलपुर से अमृतसर रेल सेवा दोबारा बहाल करने की मांग की है।श्री तन्खा ने पत्र में लिखा है, अमृतसर देश की पवित्र भूमि होने के साथ साथ हमारी आस्था का केन्द्र भी है. अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर से जबलपुर सहित महाकौशल क्षेत्र की 25 लाख की जनता के लिये लिये श्रध्दा का अगाढ़ केन्द्र है. जबलपुर को अमृतसर से जोड़ने वाली एकमात्र ट्रेन का संचालन कोरोना काल से बंद है. तन्खा ने मांग की है की, अब जब सबकुछ सामान्य है तब इस ट्रेन को दोबारा बहाल किया जाना चाहिये. पत्र के साथ केन्द्रीय गुरु सिख समाज सभा मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ का अनुरोध पत्र भी भेजा गया है।

# सराफा में है 350 साल पुराना मनोकामना सिद्धि विनायक गणेश मंदिर



**जबलपुर, यशभारत।** शहर के हृदय स्थल सुनरहाई सराफा बाजार में स्थित श्री सिद्धिविनायक गणेश मंदिर अत्यंत प्राचीन मंदिरों में से एक है मंदिर के पुजारी पंडित अमित तिवारी के मुताबिक यह मंदिर 350 साल पुराना है उनकी पांचवी पीढ़ी इसी मंदिर में पुजारी के रूप में सेवारत है मेरे पूर्वजों में मेरे दादाजी परिवार के पूर्वजों में जगन्नाथ तिवारी मेरे दादाजी श्री कुंजबिहारी तिवारी पिताजी घनश्याम तिवारी मैं अमित तिवारी एवं मेरे पुत्र देवांश तिवारी एवं गोरख तिवारी मंदिर में पुजारी के रूप में सेवारत हैं यहां भक्तों की हर मनोकामना पूरी होती है 12 महीने यहां श्रद्धालु अर्जी लगाते हैं इन्हें मनोकामना वाले गणेश जी भी कहा जाता है जो कि एक ही चबूतरा में गणेश जी की साथ रिद्धि सिद्धि महादेव पार्वती जी लक्ष्मी जी कुबेर एक ही साथ एक ही पत्थर में बने हुए हैं और जहां पर प्रतिमा विराजित हैं उनके नीचे एक तिजोरी नुमा चबूतरा बना हुआ है जोकि सुनरहाई सराफा बाजार अम्मा मार्केट के सामने स्थित गणेश उत्सव के दौरान विविध कार्यक्रम किए जा रहे हैं वहीं श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है इस मंदिर में सच्ची श्रद्धा भक्ति के साथ जो भी श्रद्धालु मन्नत करते हैं उनकी मनोकामना पूरी होती है 10 दिवसीय गणेश उत्सव के दौरान यहां होने वाले कार्यक्रमों में उपस्थिति का आग्रह किया है गणेश जी का सिंगार होता है और बारस के दिन प्रसाद का वितरण होता है। उपस्थिति अनुरोध समस्त क्षेत्रवासी ओमकार मिश्रा रमेश चंद्र सोनी रामचंद्र जी सोनीश्री राजकुमार जी सलाम मुन्ना लाल सोनी मुकेश राठौर राजेश सोनी यशपाल जी सोनी शेखर सोनी आनंद वर्मा समस्त क्षेत्रवासी एवं महिला मंडल ने किया है।

# संभाग स्तरीय निबंध प्रतियोगिता आज

**जबलपुर, यशभारत।** मध्यप्रदेष हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल द्वारा स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल म.प्र. के सहयोग से म.प्र. हिन्दी ग्रन्थ अकादमी की स्वर्ण जंयती के उपलक्ष्य में संस्था, जिला, संभाग, प्रदेष स्तर पर निंबध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्षन, जबलपुर संभाग ने बताया कि षासन की मंषानुसार जबलपुर संभाग संभाग स्तरीय निबंध प्रतियोगिता विशय: विद्यार्थी के समग्र व्यक्तित्व विकास और राश्ट्रीय षिक्षा नीति - 2020 का आयोजनआज दोपहर 01 बजे से हिंदी विभाग, शासकीय अग्रणी महाकोशल कला एवं वाणिज्य स्वषशासी महाविद्यालय जबलपुर में किया जा रहा है। जबलपुर संभाग के अतंर्गत जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, डिंडौरी, मंडला, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट सभी जिलों में आयोजित हुई जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता के प्रथम विजेता प्रतिभागी संभाग स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में सहभागिता कर रहे हैं। प्रतियोगिता उपरांत संभाग स्तरीय निबंध प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण दोपहर 03:00 बजे से किया गया है। कार्यक्रम में माननीय श्री अषोक रोहाणी, विधायक, केंट विधानसभा, जबलपुर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहेगें। कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागियों को सम्मान निधि, स्मृति चिन्ह, प्रषस्ति पत्र एवं हिंदी ग्रंथ अकादमी की 02 पुस्तकें प्रदान कर पुरस्कृत किया जायेगा।

# पर्युषण पर्व पर जिनालयों में पूजा आराधना, अभिषेक

### तीसरे दिन आर्जव धर्म की आराधना

**जबलपुर , यशभारत।** पर्वराज पर्युषण के तीसरे दिन आर्जव धर्म की आराधना की गई। जियो और जीने दो का संदेश लेकर आता है आर्जव धर्म। यह धर्म व्यक्ति से समष्टि, एकल से समग्रता, घर से मुहल्ला, शहर, प्रदेश, देश और समस्त देशों में शांति का संदेश देता है। प्रत्येक व्यक्ति में सरलता आ जाये तो संपूर्ण दुनिया में शांति आ जाये। छलकपट, मायाचारी, बेईमानी छोड़कर आर्जव धर्म अपनाने से स्वच्छ समाज का निर्माण होगा। दस दिनी पर्यूषण पर्व उत्तम क्षमा, उत्तम मार्दव, उत्तम आजव, उत्तम शौच, उत्तम सत्य, उत्तम संयम, उत्तम तप, उत्तम तयाग, अिंवंसचन, ब्रम्हाचर्य का धर्म की साधना, आराधना और संकल्प की आराधना की जाती है। नगर के सभी जैन मंदिरों में परम्परागत ढंग से भीड़ उमड़ रही है। लार्डगंज जैन मंदिर गोलबाजार, जैन मंदिर हनुमानताल, जैन मंदिर शांति नगर सहित शहर के लगभग सभी जैन मंदिरों में " पर्वराज पर्युषण की धूम मची है। आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में पूजन, जिन भक्ति भजन और नृत्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शास्त्री जी प्रतिदिन 10 लक्षण पर्व रात्रि साढ़े आठ होते हैं। त्रिमूर्ति दिगम्बर जैन मंदिर जूड़ी तलैया



फूटाताल में प्रवचन तत्वार्थ सूत्र वाचन, प्रश्न मंच, महाआरती के साथ विविध धार्मिक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जा रहा है। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी नन्हें जैन मंदिर हनुमानताल में जैन जागृति संघ द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जो अहिंसा, सत्य, मानवता, ज्ञान पर आधारित हैं।

# डायबिटीज को लेकर दो दिवसीय संगोष्ठी कल से

**जबलपुर , यशभारत।** माही डायबिटीज थायराइड केयर एंड रिसर्च सेंटर के तत्वाधान में इंटरनेशनल कॉन्ग्रेस ऑन डायबिटीज न्यू डाइमेंशन इन डायबिटीज NDID, 2022 संगोष्ठी का दो दिवसीय आयोजन 3 एवं 4 सितंबर को होटल गुलजार में आयोजित किया जाएगा। डायबिटीज थायराइड, मोटापा रोग विशेषज्ञ एवं माही डायबिटीज थायराइड केयर एवं रिसर्च सेंटर के संस्थापक डॉ आशीष डेंगरा ने बताया दो दिवसीय आयोजन 360 डिग्री कंट्रोल ऑफ डायबिटीज थीम पर आधारित है। संगोष्ठी 3 सितंबर को वर्चुअल वहीं 4 सितंबर को होटल गुलजार में 9 बजे से शाम 7 बजे तक आयोजित होगी। संगोष्ठी में पहली बार इंसुलिन पंप, डायबिटीज फुट सहित गर्भ अवस्था में हुई डायबिटीज को लेकर भी वर्कशॉप की जाएगी। जिसमें शहर एवं देश-विदेश के जाने-माने चिकित्सक डायबिटीज जैसी जटिल बीमारी के विशेषज्ञ भाग लेंगे।संगोष्ठी में शहर सहित देश एवं विदेश से सैकड़ों चिकित्सकों के सम्मिलित होने की संभावना है। जिसका लाभ शहर व संपूर्ण चिकित्सा जगत को मिलेगा। संगोष्ठी का उद्देश्य आगामी दिनों में डायबिटीज जैसी जटिल समस्या के निदान के लिए नई तकनीकों का इस्तेमाल कर मरीजों को आसानी से कम मूल्य पर बेहतर इलाज मुहैया कराना हैं।

# मोरियायी छठ और संतान सप्तमी आज

**जबलपुर,यशभारत।** भाद्रपद के शुक्ल पक्ष में ही षष्ठी तिथि के दिन सूर्य षष्ठीअथवा मोरियायी छठ और संतान सप्तमी आज मनाई जा रही है।मोरियायी छठ के दिन सूर्यदेव का पूजन किया जाता है। पुराणों में इसके बारे में कहा गया है कि इस व्रत को करने से भगवान् सूर्य प्रसन्न होते हैं और उपासक को सूर्य जैसे तेज की प्राप्ति होती है। इस दिन गंगा स्नान का भी महत्व बताया गया है। इस व्रत को करने से उपासक को नेत्र रोगों से मुक्ति मिलती है और उसे कुष्ठ आदि रोग भी नहीं होते हैं। इस व्रत में लाल पदार्थों का विशेष महत्व बताया गया है। कनेर के फूल, गुलाल और लाल वस्त्र आदि का दान देना चाहिए। शाम को सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का पारण किया जाता है। इस दिन नमक का सेवन नहीं किया जाता है।



### संतान की दीर्घायु की कामना की संतान सप्तमी

संतान की दीर्घायु के लिए खास माने जाने वाले व्रत संतान सप्तमी का व्रत आज है। ज्योतिषाचार्य पंडित वासुदेव शास्त्री के अनुसार इस बार संतान सप्तमी का त्योहार शुक्रवार को है ऐसा इसलिए होगा क्योकि शुक्रवार को सुबह 11:16 मिनट तक षष्ठी तिथि है इसके तुरंत बाद सप्तमी तिथि लग जाएगी। यानि मध्यांत व्यापनी तिथि में आने के कारण इस बार सप्तमी शुक्रवार को दोपहर में मनाई जा रही है। भाद्रपद मास की शुक्ल पक्ष की सप्तमी को संतान सप्तमी के रूप में मनाया जाता है। इसे माता पिता अपनी संतान के सुख समृद्धि व रक्षा के लिए रखते हैं।

### संतान सप्तमी की पूजन सामग्री

शिव जी की परिवार प्रतिमा अवश्य होना चाहिए। इसके अलावा लकड़ी की चौकी, कलश, अक्षत, रोली, मौली, केले का पत्ता, श्वेत वस्त्र, फल, फूल ,आम का पल्लव, भोग लगाने के लिए सात-सात पूआ या मीठी पूड़ी, कपूर, लौंग, सुपारी, सुहाग का सामान, चांदी का कड़ा या रेशम का धागा आवश्यक रूप से इसमें शामिल होना चाहिए। पूजन के साथ व्रत कथा सुनने के बाद पूजा के लिए बनाए गए सात-सात पुओं को भगवान को चढ़ाएं। उसमें से सात पूयें ब्राह्मण को दें। इसके बाद 7 पूयें स्वयं प्रसाद के रूप में ग्रहण करें। इस भोग के साथ ही अपना व्रत तोड़ें।

# हिस्ट्रीशीटर अब्दुल रज्जाक की डेयरी पर चला बुल्डोजर

## 2 करोड़ 30 लाख की जमीन पर 30 लाख की लागत से बना रखी थी डेयरी

**माफिया के खिलाफ प्रशासन, पुलिस और नगर निगम की सयुंक्त कार्यवाही**








**जबलपुर, यशभारत।** हिस्ट्रीशीटर अब्दुल रज्जाक की गोरैयाघाट स्थित अवैध डेयरी पर आज शुक्रवार को सुबह पुलिस प्रशासन का बुल्डोजर चला। यहां 2 करोड़ 30 लाख रुपये की शासकीय जमीन पर करीब 30 लाख रुपये की लागत से टीन शेड तान रखे थे। मौके पर किसी अप्रिय स्थिति को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात है। माफिया विरोधी अभियान के तहत जिला प्रशासन ने आज पुलिस और नगर निगम के सहयोग से बड़ी कार्यवाही कर रांझी तहसील के अंतगत्त ग्राम गुरैय्याघाट में करीब 10 हजार 500 वर्ग फुट शासकीय भूमि को हिस्ट्रीशीटर अब्दुल रज्जाक के अवैध कब्जे से मुक्त करा लिया है। माफ्यिा अब्दुल रज्जाक द्वारा इस भूमि पर टीन शेड डालकर डेयरी बना ली गई थी। अवैध कब्जे से मुक्त कराई गई इस भूमि की कीमत करीब 2 करोड़ 30 लाख रुपये है। कलेक्टर डॉ इलैयाराजा टी एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा के निदेज़्श पर शासकीय भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने की यह कार्यवाही अपर कलेक्टर नम: शिवाय अरजरिया के नेतृत्व में की गई। तहसीलदार रांझी श्याम नन्दन चंदेले के अनुसार ग्राम गुरैय्याघाट के खसरा नंबर 99/2 की लगभग 10 हजार 500 वर्गफुट शासकीय भूमि पर माफ्यिा अब्दुल रज्जाक द्वारा शेड डालकर डेरी बना ली गई थी। कलेक्टर डॉ इलैयाराजा टी के निदेज़्श पर आज पुलिस और नगर निगम के सहयोग से की गई कायज़्वाही में इस शेड को जेसीबी मशीनों की सहायता से जमींदोज कर दिया गया। तहसीलदार रांझी के मुताबिक माफ्यिा के अवैध कब्जे से मुक्त कराई गई इस शासकीय भूमि की अनुमानित कीमत लगभग 2.30 करोड़ रुपये है। शासकीय भूमि को माफ्यिा के कब्जे से मुक्त कराने और इस पर हुये अवैध निमाज़्ण को ध्वस्त करने की इस कार्यवाही के दौरान एसडीएम रांझी ऋषभ जैन, अतिरिक्त तहसीलदार रांझी सुरेश सोनी, डीएसपी ग्रामीण अपूर्वा किलेदार, बरेला थाना प्रभारी जीतेन्द्र यादव, बरगी थाना प्रभारी रितेश पाण्डेय, चौकी प्रभारी गौर टेकचंद शर्मा एवं नगर निगम अतिक्रमण प्रभारी सागर बोरकर भी मौजूद थे।

### जब्त किए गए थे दस्तावेज

गौरतलब है कि नया मोहल्ला निवासी अरशद खान को धमकाकर उसकी पैतृक जमीन हड़पने जाने के मामले में अब्दुल रज्जाक को पांच दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया था। रिमांड के दौरान पुलिस रज्जाक को डेयरी लेकर पहुंची थी, जहां अनेक प्रॉपर्टी के दस्तावेज जब्त किए गए है।

## हिस्ट्रीशीटर अब्दुल रज्जाक के खिलाफ मामला दर्ज

**पेशी पर आए आरोपी ने गवाह से कहा- राजीनामा कर, नहीं तो कर दूंगा खत्म...**



हिस्ट्रीशीटर अब्दुल रज्जाक के खिलाफ ओमती में एक और मामला दर्ज किया गया है। न्यायालय में पेश करते समय आरोपी ने गवाह को जान से खत्म कर देने की धमकी देते हुए राजीनामा करने का दबाव बनाया। जिसके बाद पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। थाना प्रभारी ओमती प्रफुल्ल श्रीवास्तव ने बताया कि मोह. शब्बीर 55 वर्ष निवासी न्यू आनंद नगर हनुमानताल ने शिकायत देते हुए बताया कि उसने लगभग 7-8 माह पहले अब्दुल रज्जाक निवासी नया मोहल्ला ओमती के विरूद्ध थाना हनुमानताल में शिकायत दर्ज कराई थी जिसका केस न्यायालय में चल रहा है। जिसमें थाना कोतवाली पुलिस ने आरोपी अब्दुल रज्जाक और अब्दुल रज्जाक के साथी साहिद उर्फबलिया निवासी न्यू आनंद नगर, मुक्कन उर्फ मुकेश कटारिया को गिरफ्तार किया है। जिसमें अब्दुल रज्जाक उर्फ रज्जाक पहलवान जेल में बंद है। कल वह अपने वकील राजेश पाण्डे से मिलकर जिला न्यायालय में आवेदन पत्र देने के लिये न्यायालय आया था, जब जिला न्यायालय गेट नम्बर नम्बर 2 के अंदर पहुंचा तो कोर्ट की बिल्डिंग के बाहर ही कोतवाली पुलिस अब्दुल रज्जाक को न्यायालय लेकर आयी थी। न्यायालय जाते समय अब्दुल रज्जाक उसे देखकर अचानक भड़क उठा और गाली गलोज कर कहा कि मैं बर्बाद हो गया हूं। और एक साल से जेल काट रहा हूं। जमानत होने के बाद देखता हूं। यदि जिन्दा रहना है तो मेरे पक्ष में गवाही दे। यदि कोर्ट में राजीनामा नहीं किया तो जान से खत्म करवा दूंगा।

**जबलपुर के ग्वारीघाट-माढ़ोताल और कटंगी में मिली लाश**

# 3 शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप



कटंगी के बेलखाडू में नहर में मिला शव



ग्वारीघाट के शिपयार्ड में मिला शव, जांच जारी



माढ़ोताल के करमेता में खेत में मिला शव, छायाचित्र में मृतक के परिजन, इनसेट में मृतक के जीवित अवस्था का चित्र

**जबलपुर, यशभारत। शहर के ग्वारीघाट, माढ़ोताल और कटंगी के बेलखाडू थाना क्षेत्रों में तीन शव मिलने के बाद क्षेत्र में सनसनी का माहौल है तो वहीं पुलिस प्रशासन में हड़कंप की स्थिति है। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेजते हुए, मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।**

ग्वारीघाट के शिपयार्ड में आज शुक्रवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक बुजुर्ग का शव सीढ़ियों में पड़ा हुआ बरामद किया गया। नर्मदा तट में पूजन के लिए आए लोगों ने जैसे ही शव को देखा तो उनका कलेजा मुंह को आ गया। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर, मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। मामला संदिग्ध है, क्योंकि अभी तक यह पता नहीं चल सका है कि आखिर मौत कैसे हुई। पुलिस मामले की बारीकी से पड़ताल करने में जुटी है। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि आज शिपयार्ड में एक

### मामले संदिग्ध पुलिस जुटी जांच में

बुजुर्ग उम्र करीब 60 वर्ष का शव लावारिस हालत में मिला है। आसपास के लोगों की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस दल ने शव को पीएम हेतु भेजा है। अब पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ हो सकेगी।

### अवैध संबंधों का शक?

सूत्रों की मानें तो मृतक की पत्नी गांव में रहती थी और मृतक के शहर में अवैध संबंध थे। जिसके बाद कयास लगाए जा रहे है कि गला दबाकर हत्या की गई है। पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों के कथन ले रही है। फिलहाल मामला जांच में है, अब पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले का खुलासा होगा।

### गोहलपुर थाने में गुमइंसान कायम

पुलिस ने बताया कि युवक करीब तीन-चार दिनों से घर से लापता था। जिसके बाद परिजनों ने थाना गोहलपुर में शिकायत दर्ज की थी। पुलिस ने मामले में गुमइंसान कायम कर, जांच में लिया था।

### मामला संदिग्ध

पुलिस ने बताया कि फिलहाल पूरा मामला संदिग्ध है। युवक की मौत कैसे हुई, पीएम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। फिलहाल युवक की हत्या होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है।

### करमेता में मिला शव, गला दबाकर हत्या का संदेह

थाना माढ़ोताल की पुरानी बस्ती करमेता के खेत की मेढ़ में एक अज्ञात अधेड़ का शव पड़े होने की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस को मुकेश यादव 52 वर्ष निवासी करमेता ने बताया कि वह खेती करता है फसल में दवाई डालने के लिये आया था। यहां एक शव पड़ा हुआ था। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त राजभान सिंह मरावी पिता लालमन सिंह मरावी 40 वर्ष निवासी ग्राम देवरा थाना रांजेन्द्र नगर अनूपपुर के रुप में हुई। जो वर्तमान में करमेता पुरानी बस्ती माढोताल का निवासी था। प्रारम्भिक पूछताछ पर पुलिस को पता चला कि मृतक मूलत: ग्राम देवरा अनूपपुर का रहने वाला था जो जबलपुर में करमेता माढोताल में रहकर मजदूरी करता था एवं शराब पीने का आदी था।

### जबलपुर के युवक की बेलखाडू नहर में मिली लाश, 4 दिनों से था लापता

तो वहीं, कटंगी के पुरानी बेलखाडू में नहर में आज एक युवक का शव मिलने के बाद हड़कंप मच गया। चौकी प्रभारी तिवारी ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि गुड्डू उपाध्याय के खेत के पास नहर में त्रिमूर्ति नगर, जबलपुर निवासी रवि ठाकुर 30 वर्ष का शव नहर में बरामद किया गया है।

**जबलपुर में धोखाधड़ी का अजीबो-गरीब मामला**

# टेस्ट ड्राइव के लिए बाइक ली और आरोपी हो गया फुर्र...!!!



**जबलपुर, यशभारत।** ओमती में अमानत में खयानत का एक अजीबो गरीब मामला सामने आया है। जहां पुरानी बाइक खरीदने गए युवकों ने पहले कीमत तय कर टेस्ट ड्राइव के लिए बाइक मांगी और फिर दोबारा दुकान की तरफ लौटकर भी नहीं देखा। कुछ देर बाद उसके साथ आए युवक भी दुकान से गायब हो गए। वहीं, दुकानदार इस आश में घंटों बैठा रहा कि युवक आएगा,लेकिन वह तो फुर्र हो चुका था। जिसके बाद आसपास पता किया लेकिन कहीं सुराग नहीं मिला। जिसके बाद पीड़ित थकहार कर थाने पहुंचा। पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि अनीश खान 42 वर्ष निवासी रद्दी चौकी रामनगर अमखेरा थाना गोहलपुर ने पुलिस को बताया कि ब्लूम चौक के पास उसकी दुकान है। वह पुरानी गाड़ी खरीदकर बेचने का काम करता है। उसने अयाम खान से एक्सिस क्रमांक एमपी 20 एसयू 0867 खरीदी थी। जो बेचने के लिए रखी थी। उसकी दुकान में तीन युवक आये और उन लोगों ने गाड़ी खरीदने के संबंध मे बाचतीत की। उन लोगों ने उसकी एक्सिस क्रमांक एमपी 20 एस यू 0867 को देख खरीदने का कहा तो उसने एक्सिस की कीमत लगभग 55 से 60 हजार रूपये बतायी। इसके बाद गाड़ी टेस्ट ड्राईव करने के लिए एक नकाबपोश युवक शास्त्रीब्रिज की तरफ गया। जो लौटकर उसकी दुकान में नहीं आया

**घर खाली कराने को लेकर विवाद**

## मिस्त्री के सिर में हमला कर किया घायल

जबलपुर, यशभारत। तिलवारा में मिस्त्री के घर में रह रहे आरोपी ने अचानक मिस्त्री को ही घर से निकालने का दबाव बनाने लगा। जब उसने मना किया तो सिर में हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि बबलू बर्मन 42 वर्ष निवासी क्रेसर बस्ती ने पुलिस को बताया कि मिस्त्री का काम करता है। उसके घर में विशराम चौधरी रहता है जो कहने लगा कि मेरे घर से निकल जा, उसने घर से निकलने से मना किया तो गाली गलौज करते हुये विशराम ने किसी चीज से सिर में हमला कर घायल कर दिया।

## बरेला में जमीन विवाद पर जमकर चले डंडे : दो घायल



**जबलपुर, यशभारत।** थाना बरेला अन्तर्गत चौकी गौर में खेत की जमीन को लेकर जमकर विवाद हो गया। जिसके बाद दोनों ही ओर से जमकर डंडे चले जिसमें दो लोग बुरी तरह घायल हो गए। पुलिस ने दोनों की शिकायतों पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि महेन्द्र मान 47 वर्ष निवासी हाउबाग गोहखपुर ने पुलिस को बताया कि खेत में गया था। अचानक सालीवाड़ा निवासी संजीत सिंह आया और उसके खेत में लगी फैनसिंग के खम्बे को तोड़ने लग। इतना ही नहीं जमीन पर लगा उसके नाम का बोर्ड उखाड़ कर फेंक दिया। जिससे करीब तीन हजार रुपयों का नुकसान हो गया। उसकी पेत्रक खेती पर कब्जा करने का प्रयास किया जब उसने कहा कि खम्बे क्यों तोड़े एवं उसकी अनुमति के बिना कैसे खेत में घुसा। इसी बात पर गाली गलोज करते हुये डंडे से हमलाकर घायल कर दिया। वहीं संजीत सिंह 24 वर्ष निवासी सालीवाड़ा गौर ने बताया कि वह खेती करता आ रहा है। खेत में महेन्द्र मान उर्फ रिंकू काम कर रहा था एवं दूसरों से भी काम करवा रहा था तब उसने कहा कि कोर्ट में केस चल रहा है, अभी खेत पर काम क्यों कर रहे हो फैंसिंग क्यों लगा दी है इसी बात पर उसके साथ गाली गलौज कर डंडे से हमलाकर घायल कर दिया।

# राज्य कर्मियों को भी एरियर्स के साथ मंहगाई भत्ता दिया जावे

**जबलपुर, यशभारत।** राज्य कर्मियों को भी एरियर्स के साथ मंहगाई भत्ता देने की मांग म.प्र.तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने की है। संघ ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा अपने कर्मचारियों को 01 जुलाई 22 से 04 प्रतिशत मंहगाई भत्ता दिये जाने का निर्णय लिया गया है, इस प्रकार वर्तमान में केन्द्रीय कर्मचारियों का मंहगाई भत्ता बढकर 38 प्रतिशत हो गया है। जबकि राज्य कर्मचारियों को 34 प्रतिशत ही मंहगाई भत्ता प्राप्त हो रहा है। जो केन्द्र के कर्मचारियों से 04 प्रतिशत कम है। राज्य शासन द्वारा परम्परा के विपरीत मंहगाई भत्ते को घोषणा दिनांक से दिया जा रहा है जबकि पूर्व में यह मंहगाई भत्ता केन्द्र सरकार द्वारा घोषित तिथियों से ही राज्य कर्मचारियों को एरियर्स सहित प्राप्त होता था। शासन के इस दोहरे मापदण्ड से प्रदेश के शासकीय, निगम, मण्डल में कार्यरत लगभग 10 लाख कर्मचारियों में भारी आक्रोश एवं निराशा व्याप्त है। संघ के योगेन्द्र दुबे, अर्वेन्द्र राजपूत अवधेश तिवारी अटल उपाध्याय, मुकेश सिंह, मंसूर बेग ,आलोक अग्निहोत्री आशुतोष तिवारी, योगेन्द मिश्रा डॉ संदीप नेमा, दुर्गेश पाण्डे, बृजेश मिश्रा, नितिन अग्रवाल, गगन चौबे, मनीष चौबे, मनोज सेन, आन्नद रैकवार, मो 0 तारिख, धीरीन्द्र सोनी, गणेश उपाध्याय, अभिषेक मिश्रा, सोनल दुबे, देवदत्त शुक्ला, विनय नामदेव, प्रियांशु शुक्ला, पवन ताम्रकार, विवेक तिवारी, श्ययामनारायण तिवारी, महेश कोरी, नितिन शर्मा आदि माननीय मुख्यमंत्री म.प्र. शासन से मांग की है कि प्रदेश संघ लोक सेवा आयोग के अधिकारियों के समान राज्य कर्मचारियों के डी.ए में 04 प्रतिशत की बढोतरी करते हुए एरियर्स का नगद भुगतान किया जाये। अन्यथा की स्थिति में संघ धरना, आन्दोलन हेतु वाध्य होगा।

# पेंशनर्स का सद्‌बुद्धि यज्ञ 5 से

**जबलपुर, यशभारत।** पेंशनर्स शाखा जबलपुर में पेंशनरों की बैठक हुई जिसमें प्रांतीय अध्यक्ष राजकुमार दुबे मुख्य अतिथि थे। जिला अध्यक्ष केएस ठाकुर संभागीय अध्यक्ष जी पी विश्वकर्मा भाव सिंह साहू आर पी सेन शिवकुमार तिवारी महेंद्र सिंह राम चरण सेन जी सी आहूजा आर पी विश्वकर्मा अभय जोशी प्रीतम झरिया, ए झरिया शशि भूषण चौहान किशोर सिंह यादव एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। नवीन सदस्य सुरेश पटेल ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की जिला अध्यक्ष श्री ठाकुर ने तिलक लगाकर एवं फूलों की माला पहना कर सम्मान किया। बैठक में 5 सितंबर से 9,सितंबर तक होने वाले सद्बुद्धि यज्ञ की तैयारी पर विचार-विमर्श किये गये। यदि सद्बुद्धि यज्ञ करने के बाद भी मध्यप्रदेश शासन ने यदि ध्यान दिया तो प्रांतीय महासमिति की बैठक में आगामी रणनीति तैयार की जाएगी लंबित मांगों को लेकर निरंतर आंदोलन जारी रहेगा शासन द्वारा निरंतर उपेक्षा से सभी पेंशनर आक्रोशित थे पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु सभी पदाधिकारियों को सुझाव दिये सभी ने संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) संभाग नरसिंहपुर (म.प्र.)**

**निविदा सूचना**

निविदा सूचना क्रमांक 10/वर्ष 2022-23/कार्य.यं. नरसिंहपुर, दिनाक 30/08/2022

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदाये आमन्त्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है-

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | कार्य की अनु.राशि (रू. लाख में) | धरोहर की राशि | निविदा फार्म की राशि | आमंत्रण क्र. | कार्य समया-वधि | भौतिक रूप से लिफाफा प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 7 | | | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2022_PWDRB_219143_1 | नरसिंहपुर | वार्षिक संधारण भवन | मुख्यालय नरसिंहपुर के अंतर्गत न्यायप्रशासन विभाग के गैर आवासीय भवनों के मरम्मत का कार्य। | 19.59 | 40,000 | 2,000 | द्वितीय आमंत्रण | 06 माह वर्षाऋतु सहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें |
| 2 | 2022_PWDRB_219144_1 | नरसिंहपुर | मरम्मत | नरसिंहपुर उपसंभाग के अंतर्गत करेली एवं तेन्दूखेड़ा सेक्शन के आवासीय भवनो में मरम्मत का कार्य। | 9.88 | 20,000 | 2,000 | प्रथम आमंत्रण | 06 माह वर्षाऋतु सहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करे |
| 3 | 2022_PWDRB_219146_1 | नरसिंहपुर | निर्माण | नरसिंहपुर उपसंभाग के अंतर्गत तहसील केम्पस तेन्दूखेड़ा में बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य। | 2.34 | 4,500 | 2,000 | प्रथम आमंत्रण | 02 माह वर्षाऋतु सहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करे |
| | | | | कुल | 31.81 | | | | | |

उपरोक्त वेबसाइट पर आर्नलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 07/09/2022, (17.00) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट www.mptenders.gov.in में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों मे प्रकाशन नही किया जायेगा।

भौतिक मूल धरोहर (ई.एम.डी.) राशि एवं अन्य सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत दिनांक 07/09/2022, (17.30) बजे तक उपरोक्तानुसार संबंधित पोर्टल में प्राप्त की जावेगी।

कार्यपालन यंत्री,
लोक निर्माण विभाग (भ./स.) सभांग नरसिंहपुर (म.प्र.)

G-16131/22 दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

**न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर**

रा.प्र.क्र. 0811/अ-6/2021-22

**- : इश्तहार :-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री ग्रिशोन एच एस बिहारी एवं अन्य निवासी 1219 नेपियर टाऊन जबलपुर के माध्यम से गोरखपुर नं.ब. 605 प.ह.नं. 29 ख.नं. 5 शीट नं. 292 प्लाट नं. 529 के रकवा 1722 वर्गफुट फोतकर्ती - स्व श्रीमति शीतल कनकलता बिहारी पति स्व जार्ज् हेराल्ड बिहारी जबलपुर से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र वसीयतनामा/बटवारा नामा/ हस्तान्तरण पत्र/ हकल्याग पत्र / दान पत्र एवं नक्शा बंटाक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अत: उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 15/09/2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयाविधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 01/09/22 को जारी।

**नायब तहसीलदार**
**गोरखपुर जबलपुर**

**बैग गुमा**

मैं सुनील कुमार काछी पिता बीपी काछी उम्र 40 वर्ष यह घोषणा करता हूं कि दिनांक 24 अगस्त 22 को एमएलबी स्कूल की ओर जा रहा था। अशोका होटल से मानस भवन के बीच मेरा बैग गिर गया जिसमें मेरे तवेरा वाहन का रजिस्ट्रेशन कार्ड नंबर एमपी 19 जीबी 0891 एवं महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा फायनेंस कंपनी की मूल एनओसी व कुछ अन्य जरूरी दस्तावेज जो कि मुझे आज दिनांक तक प्राप्त नहीं हुए थे। मैंने उपरोक्त पेपर की डुप्लीकेट प्रति के लिए शपथ पत्र प्रस्तुत किया है।

**सुनील कुमार काछी**
**पता-997 गुप्ता कालोनी जबलपुर**

**न्यायालय तहसीलदार तहसील आधारताल, जबलपुर**

रा.प्र.क्र./ 538/अ-6/2021-2022
जबलपुर, दिनांक 22/8/22

**// आम इश्तहार //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सरोज सिंह ठाकुर व अन्य पिता स्व. राजेन्द्र सिंह निवासी कोतवाली मिलोनी गंज जबलपुर के द्वारा मौजा ब्लाक नं. 14 स्थित भूमि प्लाट 75/1 में से रकवा 4157 वर्गफुट भूमि पर लाल सिंह बल्द जग्गी की मृत्यु दिनांक 30/12/87 को हो जाने के कारण वारसान हक में फौती / वसीयत नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत दिनांक 9/9/22 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक - 22/8/2022
पेशी दिनांक 9/9/2022

**तहसीलदार**
**आधारताल जबलपुर**

**क्योर एण्ड केयर डेन्टल क्लीनिक**

**डॉ. शंकर हबलानी**
बी.डी.एस. (इंदौर)
दांत एवं मुख रोग विशेषज्ञ
रेनबो कलर लैब के सामने,
सतना बिल्डिंग, जबलपुर
**मो. 9340734722, 9300049344**
**विशेषताएं:** रूट कैनाल ट्रीटमेंट, फिक्स दांत, बत्तीसी, दांतों की सफाई, टेढ़े मेढ़े दांतों एवं पायरिया इलाज।

# एमपी में अलग से खुलेंगी हेरिटेज शराब की दुकानें

## सरकार पॉलिसी में करने जा रही नया प्रावधान

**भोपाल, यशभारत। मध्य प्रदेश में हेरिटेज शराब को बिक्री को लेकर नया फरमान जारी हुआ है। इसके अनुसार पहले से संचालित हो रही कंपोजिट शराब की दुकानों पर हेरिटेज शराब की बिक्री नहीं होगी। इसके लिए अब अलग से दुकान खोली जाएगी। वाणिज्य कर विभाग ने इसके लिए हेरिटेज पॉलिसी का प्रावधान तैयार किया है। और जल्द ही कैबिनेट में इस प्रावधान को मंजूरी के लिए लाया जाएगा।**

दरअसल, हेरिटेज शराब को बढ़ावा देने के लिए वैल्यू ऐडेड टैक्स में 2 साल और एक्साइज ड्यूटी में 6 साल तक की छूट देने का प्रावधान पॉलिसी में किया गया है। वहीं एक्साइज ड्यूटी में छूट मिलने के चलते हेरिटेज शराब उत्पादन की लागत में कमी हो सकेगी।लेकिन शराब की कीमत क्या होगी वह अब तक तय नहीं किया गया हैं। राजस्थान की तर्ज पर मध्य प्रदेश सरकार भी हेरिटेज शराब बनाने जा रही है। यह शराब महुआ से बनाई जाएगी। हालांकि, अभी तक शराब के ब्रांड का नाम तय नहीं किया गया है। लेकिन बताया जा रहा है कि शिवराज सरकार महुआ से बनने वाली इस नई शराब को मध्य प्रदेश के नाम से राज्य के बाहर भेजेगी।जानकारों ने बताया कि हेरिटेज शराब का निर्माण हुए के फूलों से किया जाएगा। इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह दुनिया की एकमात्र शराब है जो फूलों से बनाई जाएगी। और पूरे भारत में एकमात्र मध्य प्रदेश में इसका निर्माण किया जाएगा। प्रदेश में बनने वाली है हेरिटेज शराब के निर्माण में किसी भी तरह के केमिकल का प्रयोग नहीं



किया जाएगा। शराब बनाने में प्रयुक्त होने वाला पानी उच्च गुणवत्ता का होगा। वहीं हेरिटेज शराब बनाने वाले हर स्व सहायता समूह को भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण का सर्टिफिकेट लेना होगा। जनवरी में जब शिवराज सरकार ने नई आबकारी नीति को मंजूरी दी थी तब इसमें हेरिटेज शराब की बिक्री को सभी शराब की दुकानों पर करने का प्रावधान किया था। लेकिन अब सरकार ने इसमें संशोधन करते हुए हेरिटेज शराब बेचने के लिए अलग से दुकानें खोलने का निर्णय लिया है। अधिकारी ने इसे लेकर बताया कि हेरिटेज शराब निर्माण के लिए आदिवासी बहुल जिले जैसे डिंडोरी और अलीराजपुर में पायलट प्रोजेक्ट भी शुरू किया जा रहा है। यहां आदिवासी स्व सहायता समूह हेरिटेज शराब का निर्माण करेंगे। साथ ही इसके शराब का उत्पादन सितंबर महीने से शुरू होने की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि इसकी सबसे पहली बिक्री पर्यटन विभाग के संबंधित होटलों में होगी।

## सरकारी स्कूल में फर्सा लेकर घुसा शराबी, जमकर मचाया उत्पात

भोपाल,ईएमएस । मध्य प्रदेश के गुना जिले के चाचौड़ा ब्लॉक के बंजारा चक गांव के शासकीय प्राथमिक विद्यालय में कथित रूप से फर्सा (धारदार हथियार) लेकर घुसे शराबी ने बृहस्पतिवार को जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान न सिर्फ उसने स्कूल में बच्चों को पढ़ा रहे शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को डरा और धमकाकर दहशत फैलाने की कोशिश की, बल्कि स्कूल में रखे मेज एवं कुर्सियां भी तोड़ दीं। साथ ही इसका विरोध करने पर शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को अपशब्द कहे। पुलिस ने शिक्षक व शिक्षिकाओं की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है जो फिलहाल फरार है। बीनागंज संकुल केंद्र के जनशिक्षक कमलेश मीणा ने बताया कि बंजारा चक गांव के शासकीय प्राथमिक विद्यालय में बृहस्पतिवार दोपहर करीब 12 बजे गांव का ही मिंटू सिंह बंजारा शराब के नशे की हालत में फर्सा लेकर घुस गया। इसके बाद उसने स्कूल में जमकर उत्पात मचाया और तोडफोड़ की। उन्होंने कहा कि स्कूल में बच्चों को पढ़ा रहे शिक्षक व शिक्षिकाओं ने इसका विरोध किया तो उसने उन्हें अपशब्द कहे और जान से मारने की धमकी दी और फर्सा दिखाकर डराया। मीणा ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। हालांकि, जब तक पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक आरोपी वहां से भाग चुका था। चांचौड़ा थाने के प्रभारी रवि गुप्ता ने बताया कि शिक्षकों की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा और सरकारी सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।



# भोपाल सहित 14 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी

**भोपाल , यशभारत। मध्य प्रदेश के कई इलाकों में रुक-रुककर वर्षा हो रही है। मौसम का कोई सीधा सिस्टम एक्टिव नहीं है पर बंगाल की खाड़ी से मिल रही नमी के कारण बारिश का सिलसिला जारी है। ये सिलसिला अगले कुछ दिनों तक जारी रह सकता है। सिवनी जिले में दो इंच बारिश दर्ज की गई। इधर प्रदेश के तापमान में उछाल भी जारी है। दिन का पारा 36 डिग्री के पार जाने लगा है।**

**कई जिलों में बिजली भी गिरेगी**

अगले 24 घंटों में प्रदेश के 14 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। मौसम केंद्र की रिपोर्ट के मुताबिक बीते 24 घंटों के दौरान प्रदेश के शहडोल, जबलपुर, नर्मदापुरम, इंदौर, भोपाल संभाग के जिलों में कुछ स्थानों पर तथा रीवा, सागर, उज्जैन, चंबल एवं ग्वालियर संभागों के जिलों में कहीं-कहीं वर्षा दर्ज की गई। बड़वानी में 10, वारासिवनी, पुष्मराजगढ़ में 9, सेंधवा में 8, करंजिया, अठनेर में 7, राजपुर, सिवनी, अनूपपुर में 6 सेमी तक पानी गिरा है। मौसम विभाग का अगले 24 घंटों के लिए पूर्वानुमान बता रहा है कि भोपाल, इंदौर, नर्मदापुरम, शहडोल, जबलपुर संभागों के जिलों में तथा रतलाम, उज्जैन, देवास, आगर एवं शाजापुर जिलों में अनेक स्थानों पर, रीवा, सागर, चंबल, ग्वालियर संभागों के जिलों में तथा मंदसौर, नीमच जिलों में कुछ स्थानों पर वर्षा या गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। विभाग ने यलो अलर्ट जारी कर चेतावनी भी दी है, जिसके अनुसार शहडोल संभाग के जिलों में तथा विदिशा, रायसेन, सीहोर, भोपाल, सतना, कटनी, झाबुआ, अलीराजपुर, खरगोन, बड़वानी, धार, इदौर, देवास जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश की संभावना है। वहीं रीवा, शहडोल, जबलपुर, भोपाल, इंदौर, नर्मदापुरम संभागों के जिलों में तथा पन्ना, दमोह, रतलाम, उज्जैन, देवास, आगर तथा शाजापुर जिलों में कहीं-कहीं बिजली गिरने की आशंका जताई गई है।

## सिहोर में वाहन चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

**भोपाल, यशभारत।** राजधानी के समीपस्थ जिले सीहोर में पुलिस ने बड़े वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। ये वाहनों के पुर्जे निकालकर बेच दिया करते थे। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी के 21 मोटरसाइकिल एवं दो ऑटो, नगदी सहित कुल 25 लाख का माल जब्त किया है। जांच में पता चला है कि इन्होंने ये वाहन प्रदेश के करीब 12 जिलों से चुराए हैं। पुलिस पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार लगातार बढ़ रही वाहन चोरी को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर थी। मुखबिर से सूचना के बाद संदेही 27 वर्षीय गौतम पिता जगदीश तिल्लोरे निवासी ग्राम पिपलानी थाना किल्लोद जिला खंडवा से थाना बुधनी इलाके से चोरी गया एक लोडिंग ऑटो बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने साथियों के साथ अलग-अलग शहरों से 11 बाइक चोरी करना कबूल किया। पुलिस ने पिपलानी से चोरी के वाहन भी बरामद कर लिए हैं।आरोपी ने पूछताछ में गोलू उर्फ अनिल योगी निवासी जमालपुरा खिरकिया जिला हरदा, शहाबुद्दीन उर्फ शब्बू पिता स्माईल खान निवासी देशवाली मोहल्ला छीपाबड, खलील पिता शकुर खान निवासी राजूनगर खिरकिया के नाम बताए। पुलिस ने इन्हें भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने बताया कि वे चुराए वाहन के पुर्जे अलग कर गुरुविंदर सिंह खनुजा उर्फ कालू सरदार निवासी खैरीपुरा खिडकिया वाले को बेचते थे। पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि जब्तशुदा कुल 23 वाहन गोलू उर्फ अनिल योगी निवासी जमालपुरा खिरकिया जिला हरदा के द्वारा सीहोर, होशंगाबाद, रायसेन, खंडवा, भोपाल, देवास, खरगौन, धार, बड़वानी आदि जिलों से चोरी किए गए थे। आरोपियों की पुलिस रिमांड लेकर अन्य चोरी गये वाहनों के संबध में पूछताछ की जा रही है।

**12 जिलों में चुराई गाड़ियां, 25 लाख का माल जब्त**

# भोपाल गैस त्रासदी पर हाईकोर्ट की तल्ख टिप्पणी

### संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो अधिकारियों की पेशी हो सकती है अवमानना की कार्रवाई की अगली सुनवाई 22 सितंबर को

**भोपाल ,यशभारत।** भोपाल गैस त्रासदी के संबंध में दायर याचिकाओं पर हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई में हाईकोर्ट जस्टिस शील नागू व जस्टिस वीरेन्द्र सिंह की युगलपीठ ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा है कि यदि संतोषजनक जवाब पेश नहीं किया गया तो जवाबदार अधिकारियों को तलब किया जाएगा साथ ही उन पर अवमानना की कार्रवाई की जाएगी। इस चेतावनी के साथ युगलपीठ ने अगली सुनवाई 22 सितंबर को निर्धारित की है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने साल 2012 में भोपाल गैस पीड़ित महिला उद्योग संगठन सहित अन्य की ओर से दायर की गई याचिका की सुनवाई करते हुए भोपाल गैस पीड़ितों के उपचार व पुनर्वास के संबंध में 20 निर्देश जारी किए थे। इन बिंदुओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित कर मॉनिटरिंग कमेटी का गठित करने के निर्देश भी जारी किए थे। साथ ही कहा था मॉनिटरिंग कमेटी प्रत्येक तीन माह में अपनी रिपोर्ट हाईकोर्ट के समक्ष पेश करेगी। इसके आधार पर हाईकोर्ट द्वारा राज्य सरकार को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जा सकेंगे। जिसके बाद उक्त याचिका पर हाईकोर्ट द्वारा सुनवाई की जा रही थी। याचिका के लंबित रहने के दौरान मॉनिटरिंग कमेटी की अनुशंसाओं का परिपालन नहीं किएजाने के खिलाफ भी अवमानना याचिका दायर की गई थी। अवमानना याचिका में कहा गया था कि गैस त्रासदी के पीड़ित व्यक्तियों के हेल्थ कार्ड तक नहीं बने हैं। अस्पतालों में आवश्यकता अनुसार उपकरण व दवाएं उपलब्ध नहीं हैं। बीएमएचआरसी के भर्ती नियम का निर्धारण नहीं होने के कारण डॉक्टर व पैरा मेडिकल स्टॉफ स्थायी तौर पर अपनी सेवाएं प्रदान नहीं करते हैं। अवमानना याचिका में केंद्रीय परिवार कल्याण विभाग के सचिव रंजन भूषण, केंद्रीय रसायन व उर्वरक विभाग के सचिव आरती आहूजा, प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैस, भोपाल गैस त्रासदी सहायता एव पुनर्वास विभाग के सचिव मोहम्मद सुलेमान, आईसीएमआर के वरिष्ठ डिप्टी डायरेक्टर आर राम तथा बीएमएसआरसी के संचालक डॉ. प्रभा तथा एनआईआरई के संचालक राजनारायण तिवारी को अनावेदक बनाया गया था।



## आकृति बिल्डर के डायरेक्टर हेमंत सोनी के खिलाफ ईओडब्ल्यू जारी करेगा लुक आउट सर्कुलर

**भोपाल , यशभारत।** आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) ने हेमंत सोनी के खिलाफ जून 2022 में धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। इसकी जांच तेज गति से चल रही है। सोनी ने सैकड़ों हितग्राहियों से हुजूर तहसील में एक्वासिटी प्रोजेक्ट के तहत मकान बनाकर देने के लिए 90 प्रतिशत राशि ले ली। राशि को अपनी त्र-8 वेंचर्स कंपनी लिमिटेड में जमा किया। इसके बाद एक्वासिटी प्रोजेक्ट में राशि का उपयोग करने की जगह बिल्डर ने दूसरी कंपनी के प्रोजेक्ट के लिए पैसा ट्रांसफर कर दिया और उसका उपयोग किया। वहीं, 2010 के एक्वासिटी प्रोजेक्ट में 2013 में बुकिंग के बाद 2017 में डूप्लेक्स बनकर मिलने थे। लेकिन अब तक वहां पर निर्माण अधूरा है और काम बंद है। इसमें कई लोगों ने अपनी पूरी जमा पूजी लगा चुके है। अब वह अपने आप को ठगा महसूस कर रहे है। इस मामले में ईओडब्ल्यू ने हेमंत सोनी के साथ राजीव सोनी और शौनक सुधीर घोड़के दो अन्य डॉयरेक्टर के खिलाफ भी केस दर्ज किया है। ईओडब्ल्यू के सूत्रों के अनुसार त्र-8 वेंचर्स के डायरेक्टर हेमंत सोनी के विदेश भागने की आशंका है। इस लिए उसके खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी करने की तैयारी है। इस जांच की जद में आकृति ग्रुप (एजी-8) खरीदने वाले रजा नवाब के आने की चर्चा है। रजा नवाब के यहां पर कुछ दिन पहले आयकर विभाग की टीम ने छापा मारा था।बता दें लुक आउट सर्कुलर (स्लष्ट) को लुक आउट नोटिस भी कहते है। स्लष्ट किसी भी व्यक्ति को विदेश पर प्रतिबंध लगा देता है। उसके देश छोड़कर जाने पर पाबंदी लग जाती है। वहीं, इंटरनेशनल बॉर्डर पर इमिग्रेशन अधिकारी ऐसे व्यक्ति को एयरपोर्ट पर ही रोक सकते है।

# राजगढ़ में मिला दोमुंहा सांप करोड़ों में होती है कीमत

### विदेशों में होती है तस्करी, अन्य सांपों से अलग होती है बनावट

**भोपाल, यशभारत।** मध्य प्रदेश में एक दुर्लभ सांप मिला है। इस सांप की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में कोरोड़ों रुपये बताई जा रही है। जिला मुख्यालय स्थित उत्कृष्ट विद्यालय ग्राउंड में गुरुवार को दुर्लभ प्रजाति का या दो मुंहा साँप नजर आया है। जिस पर स्कूल के एक छात्र की नजर पड़ी और उसने ततकाल इसकी सूचना विद्यालय के शिक्षक मुकेश पिपलोटिया को दी, जो कि उक्त दो मुंहे सांप की तस्करी जैसे मामलों से अच्छी तरह से वाकिफ थे। उन्होंने दुर्लभ सांप को तुरंत एक तरफ करवाया और वन विभाग को इसकी सूचना दी। जब तक वन विभाग की टीम नहीं आई तब तक उन्होंने उस पर नजर भी रखा। कुछ समय बाद आई वन विभाग की टीम के साथ कोतवाली थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक मौके पर पहुंचे और उन्होंने उक्त जीव को अपने कब्जे में लेकर वन विभाग को सौंपा। जंहा से उसे सुरक्षित जंगल मे छोड़ा जाएगा।



आपको बता दें कि भारत में संरक्षित दोमुंहा सांप की अंतराष्ट्रीय मार्केट में बहुत ज्यादा डिमांड है। जहां इसकी कीमत करोड़ों में बताई जाती है। राजस्थान के मरूस्थीय इलाकों में बहुतायत में पाये जाने वाले दोमुंहा सांप का वैज्ञानिक नाम रेड सेंड बोआ स्नेक है। इस सांप से जुड़ी कुछ रूढ़ियों के चलते बहुत बड़े पैमाने पर इसकी स्मगलिंग होती है। अंतराष्ट्रीय डिमांड के चलते इस सांप को विदेशों में 3 करोड़ से लेकर 25 करोड़ रुपये तक की कीमत में बेचा जाता है। जानकारों का मानना है कि इस सांप की तस्करी देश के कई हिस्सों में चल रही है। जिसमें मुख्यतौर पर बिहार, बंगाल, मध्य प्रदेश, उत्तरप्रदेश और हरियाणा राज्य शामिल हैं। दोमुंहे सांप का वास्तव में दो मुंह से कोई वास्ता नहीं होता है। दरअसल इस सांप की पूंछ की बनावट ऐसी होती है कि यह मुंह की तरह दिखाई देती है।

#### संरक्षित जीव की श्रेणी में आता है यह सांप

खतरा होने पर ये सांप अपनी पूंछ को मुंह की तरह ही हवा में खड़ा कर लेता है। जिसके चलते इस सांप को दो मुंहा सांप कहते हैं। इस सांप को लेकर दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में कई मिथक प्रचलित हैं। जिनके चलते इन सांप के अस्तित्व पर खतरा उत्पन्न हो गया है। भारत सरकार ने इन सांप को बचाने के लिए सन् 1972 में अन्य पांच जीवों के साथ इसे भी संरक्षित जीव की श्रेणी में रखा है।

#### चूहे, कीड़े-मकोड़े का करता है शिकार

यह सांप मनुष्यों से दूर भागता है। यह सांप चूहे, कीड़े-मकोड़े तथा छोटे जानवरों के शिकार पर यह सांप निर्भर करता है। यह सांप को लोगों के लिए खतरा नहीं होता है। अभी तक इसके द्वारा मनुष्यों को काटने का कोई मामला सामने नहीं आया है। वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट के अनुसार यह सांप शांत प्रवृति का होता है। जिसमें जहर की मात्रा न के बराबर होती है।वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत संरक्षित होने के बाद, इसके पाए जाने पर वन विभाग को जानकारी देना अनिवार्य है। जहां इस सांप का डॉक्युमेंटेशन होता है। इस सांप को मारना और तस्करी करना कानूनन अपराध है।

### महीने भर बाद भी भोपाल में सिर्फ

## 123 निजी अस्पतालों की हो सकी सुरक्षा जांच

**भोपाल,ईएमएस।** जबलपुर के एक निजी अस्पताल में आग लगने की घटना के बाद सभी जिलों निजी और सरकारी अस्पतालों की जांच के लिए दल बनाए गए थे। इसमें एक चिकित्सक, नगर निगर के फायर अधिकारी और एक विद्युत सुरक्षा से संबंधित अधिकारी हैं। महीने भर से जांच चल रही है। इसके बाद भी भोपाल के 349 निजी अस्पतालों में से 123 की जांच (फायर आडिट) ही अभी तक हो पाई है। कुल में से 81 यानी 23 प्रतिशत निजी अस्पतालों के पास टेंप्रेरी एनओसी नहीं है। यह प्रोविजनल एनओसी से चल रहे हैं, जो बिना निरीक्षण के एक साल के लिए दी जाती है। फायर फाइटिंग सिस्टम लगवाने का न्यूनतम खर्च- 4.50 लाख प्रोविजनल एनओसी की अवधि- एक साल टेंप्रेरी एनओसी की अवधि— तीन सालटेंपरेरी एनओसी के बाद भी फायर आडिट में इस तरह की गड़बड़ियां मिलीं ।

## कमल नाथ बोले- राम वन गमन पथ पर सिद्धा पहाड़ को नष्ट करने की साजिश

### चित्रकूट विधायक ने खनन परियोजना पर रोक लगाने की मांग की है।

**भोपाल ,यशभारत।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने राम वन गमन पथ पर सतना में स्थित सिद्धा पहा? में चल रहे अवैध खनन पर विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि यह पहा? हमारी धार्मिक आस्था से जु?ा हुआ है। अवैध खनन सरकार रोक नहीं पाई और अब मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने लोक सुनवाई करने का निर्णय लिया है। धार्मिक आस्था को चोट पहुंचाने के इस कदम का विरोध हर स्तर पर किया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा भगवान राम के नाम का उपयोग राजनीति चमकाने के लिए तो करती है पर उनसे जुड़े स्थलों को नष्ट करने का काम कर रही है। सिद्धा पहाड़ वह है, जहां भगवान राम वनवास के समय आए थे। यहां उन्होंने इस भूमि को निशाचरों से मुक्त करने की प्रतिज्ञा ली थी। रामचरितमानस और वाल्मीकि रामायण में भी इसका उल्लेख है। उधर, चित्रकूट विधायक नीलांशु चतुर्वेदी ने कलेक्टर को पत्र लिखकर बताया कि पूर्व कलेक्टर केके खरे ने यहां सभी खनन की अनुमतियां निरस्त कर इसके खनन मुक्त क्षेत्र घोषित किया था।मैहर से भाजपा विधायक नारायण त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर सिद्धा पहाड़ को खनन मुक्त क्षेत्र घोषित करने की मांग की है। वे बोले, इस पहा? पर खनन कारोबारियों को अनुमति देने पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने लोक सुनवाई करने का निर्णय लिया है।





## बेतवा नदी में नहाते समय भाजपा जिला अध्यक्ष सहित तीन लोग डूबे

### होमगार्ड जवानों ने बचाया

**भोपाल, विदिशा,यशभारत।** बाढ़ वाले गणेश मंदिर के पास उफनती बेतवा में नहाने गए भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जादौन सहित दो कार्यकर्ता पानी में डूब गए, उन्हें मौके पर मौजूद दो होमगार्ड जवानों ने बचा लिया। घटना गुरुवार शाम की है। फिलहाल जिलाध्यक्ष सहित एक कार्यकर्ता को मेडिकल कालेज में भर्ती किया गया है।गणेशोत्सव के दौरान बाढ़ वाले गणेश मंदिर पर दिन भर श्रद्धालुओं का जाना लगा रहता है। शाम के समय भगवान गणेश के दर्शनों के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जादौन, भाजपा नेता तेजिंदर सिंह बन्नू और बासौदा के कार्यकर्ता यशपाल सिंह रघुवंशी भी मंदिर पहुंचे थे। मंदिर में दर्शन करने के बाद वे नहाने चले गए। बेतवा पर एक छोटा स्टाप डैम बना हुआ है। नहाते हुए वे घाट से काफी दूर तक चले गए और स्टाप डैम से गिरते पानी के बीच फंस गए। तेजिंदर सिंह किसी तरह तैरकर दूर शांत पानी में चले गए लेकिन जिलाध्यक्ष जादौन और यशपाल सिंह झरने के निचले हिस्से में डूबते चले गए। घाट पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया। इस दौरान ड्यूटी पर मौजूद होमगार्ड जवान माधवसिंह कुशवाह और कैलाश विश्वकर्मा ने उन्हें बचाने बेतवा में छलांग लगाई और लाइफ जैकेट की मदद से दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। पानी में डूबने के कारण भाजपा जिलाध्यक्ष के पेट में पानी चला गया था, होमगार्ड टीम ने उनके पेट से पानी निकाला और उन्हें तत्काल मेडिकल कालेज में भर्ती कराया।यहां तेजिंदर सिंह बन्नू को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई लेकिन यशपाल सिंह और जिलाध्यक्ष जादौन अब भी मेडिकल कालेज में भर्ती हैं।

# स्वच्छ वार्ड प्रतिस्पर्धा : 23 विद्यालयों के प्राचार्य के साथ बैठक



**जबलपुर,यशभारत।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत आज नगर पालिक निगम जबलपुर द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शहर सीमा क्षेत्र के 23 शासकीय कार्यालयों के अधिकारी उपस्थित रहे। इस बैठक में आगामी दिवस में होने वाले स्वच्छ वार्ड प्रतिस्पर्धा के अंतर्गत स्वच्छ कार्यालय के संबंध में सभी को दिशा निर्देश दिए गए। इस सर्वे के लिए कुल अंक 195 निर्धारित किए गए है। कार्यालयों का मूल्यांकन दिए गए बिन्दुओ के आधार पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी में किया जायेगा एवं कार्यालयों को महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' एवं निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ के द्वारा सम्मानित किया जायेगा। सर्वे के लिए निम्न बिन्दु निर्धारित किए गए है जैसे की कार्यालय की सफाई व्यवस्था, कचरे का पृथक्करण, कार्यालय में अपशिष्ट का सुरक्षित निपटान, शौचालय की उत्तम व्यवस्था, कोविड 19 प्रोटोकॉल, लीटर बीन की व्यवस्था एवं प्लास्टिक बैन, आदि बिन्दुओं पर मूल्यांकन किया जाएगा इसके अतिरिक्त कार्यालयों को आगामी सर्वेक्षण में शहर को अव्वल पायदान दिलाने के लिए भी प्रेरित किया गया। शहर के विभिन्न कार्यालय भी स्वच्छ कार्यालय प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने शहर को नंबर वन बनाने में अपना योगदान प्रदान करने के लिए नगर निगम जबलपुर के फेसबुक, ट्विट, इंस्टाग्राम पेज से जु ?कर अपनी सहभागिता दर्ज करा सकते हैं। यह बैठक सहायक आयुक्त संभव आयाची, की अध्यक्षता में स्मार्ट सिटी मानस भवन हॉल में संपन्न हुई।

## ज्ञानदीप संगोष्ठी में दिव्यांगजनों को प्रमोशन में समान अवसर पर हुई चर्चा

जबलपुर यश भारत7 रेल प्रशासन द्वारा समय समय पर जारी की गई नई नीतियों, सर्कुलर्स, आदि की अप-टू-डेट जानकारी रेलकर्मियों के साथ साझा करने के उद्देश्य से महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता के निर्देश पर तथा प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी के नेतृत्व में हर महीने ज्ञानदीप संगोष्ठी का आयोजन पमरे मुख्यालय में किया जाता है। इस संगोष्ठी में तीनों मंडलों के अधिकारी, वैगन रिपेयर वर्कशॉप कोटा तथा कोच पुनर्निर्माण कारखाना भोपाल के कार्मिक विभाग से संबंधित अधिकारीगण एवं मुख्यालय के अधिकारी, पर्यवेक्षकगण, डीलिंग क्लर्क आदि शामिल होते हैं तथा अपने अनुभवों को साझा करते हैं और समस्याओं का निराकरण भी करते हैं ।पश्चिम मध्य रेलवे महाप्रबंधक कार्यालय में कार्मिक विभाग तत्वाधान में ''ज्ञानदीप संगोष्ठी'' बेंचमार्क दिव्यांगजनों को भर्ती तथा पदोन्नति में मिलने वाले आरक्षण विषय पर आयोजित की गई। प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी शंकर कुमार अलबेला ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पश्चिम मध्य रेलवे , दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम तथा भारत सरकार एवं रेल मंत्रालय द्वारा इस विषय में जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन करने के लिए कृत संकल्पित है, जिससे कि शारीरिक अशक्तता की वजह से कोई भी व्यक्ति या कर्मचारी भर्ती अथवा पदोन्नति में समान अवसर से वंचित न हो व उसे अपने उन्नति के सम्यक अवसर प्राप्त हो सके। एक विकसित राष्ट्र अपने हर अंग की सुविधा के लिए सशक्त वातावरण बनाना चाहता है, और रेल्वे इस दिशा मे कार्यरत है। संगोष्ठी में मुख्यालय, जबलपुर, भोपाल एवं कोटा के कार्मिक अधिकारियों ने वेबेक्स के माध्यम से अपना प्रस्तुतिकरण दिया। संगोष्ठी में मुख्य कार्मिक अधिकारी (प्रशासन) श्री प्रभात, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (राजपत्रित) सुश्री पूर्णिमा जैन, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (औद्योगिक संबंध) अनिल कुमार तिवारी एवं मुख्यालय के कार्मिक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक माह में पश्चिम मध्य रेल ने गैर-किराया राजस्व से आय में की वृद्धि

जबलपुर यश भारत। पश्चिम मध्य रेल नॉन फेयर रेवेन्यू स्कीम यानि गैर-किराया राजस्व योजनाओं के अन्तर्गत रेलवे राजस्व अर्जित करने में अहम भूमिका निभा रहा है। भोपाल, जबलपुर एवं कोटा तीनों मंडलों में गैर-किराया राजस्व के तहत अकेले जुलाई माह में कैटरिंग स्टॉल, पार्किंग एवं पब्लिसिटी में अनुबंध किए गए इसके अन्तर्गत कुल 2 करो? 45 लाख 77 हजार का अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया गया। उल्लेखनीय है कि रेलवे में गैर-किराया राजस्व में वृद्धि के लिए नए विचारों और अवधारणाओं को ब?ावा दिया जा रहा है। यह नई नवोन्मेषी गैर-किराया राजस्व विचार योजना के दिशा निर्देश के तहत किया जा रहा हैं। इसके अंतर्गत रेलवे द्वारा नए विचारों और अवधारणाओं को प्राप्त करना, जांचना और कार्यान्वित करना एक सतत प्रक्रिया है।पमरे में नॉन फेयर रेवेन्यू के अन्तर्गत जुलाई माह में निम्नानुसार अनुबन्ध किए गए भोपाल मंडल के इटारसी रेलवे स्टेशन पर जीएमयू कैटरिंग स्टॉल के लिए अनुबंध किया गया जिससे रेलवे को प्रति वर्ष रूपये 98 लाख 55 हजार का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा। कोटा मण्डल के सवाईमाधोपुर, भरतपुर एवं रामगंजमण्डी तीन रेलवे स्टेशनों पर ई-ऑक्शन के माध्यम से कार/मोटरसाइकिल पार्किंग हेतु 05 वर्षो के लिए अनुबंध किया गया है।

### उत्तम क्षमा धर्म पर विशेष

## उत्तम क्षमा धर्म ही मानव जीवन को उद्धार कर सकता है : मुनि श्री प्रणम्य सागर जी

**पनागर, यशभारत।** स्व धर्म ही आत्मा का स्वभाव है धर्म स्व मे ही होता है पर में नहीं होता है जीवन भर आदमी पर के लिए कोल्हू की बैल की तरह चलता रहता है पर के लिए ही वह जीता है लेकिन आत्मा के लिए कुछ नहीं करता व्यक्ति धर्म का चोला पहनकर धर्म करने की कोशिश करता है परंतु वह समीचीन धर्म उद्घाटित नहीं कर पाता है। जिसे स्व का ज्ञान न हो उसे धर्म नही कहते है वह अधर्म कहलाता है। धर्म सुख देने वाला होता है अर्थात धर्म का फल सुख है लेकित व्यक्ति पर में सुख ढूंडता रहता है कही पुत्र के रूप में, कहीं पत्नी के रूप मे जब व्यक्ति पर से जुडता है तो उसे क्षणिक सुख मिलता है जिसे वह सास्वत मानता है और उस क्षणिक सुख के लिए दौड़-दौड कर एक दिन मरण को प्राप्त करता है। हमारा जीवन जो भी है वह पर के आश्रित होता है लेकिन धर्म का स्वरूप केवल स्व मे ही होता है। शरीर को आत्मा मानना सबसे बड़ा भ्रम है शरीर को ही आत्मा मानना शाश्वत भ्रम %धर्म कहलाता है । जब धर्म में में जिया जाता है कोई भी व्यक्ति क्रोध मे हमेशा नहीं जी सकता है उसे रूप धर्म अर्थात क्षमा को धारण करना ही पडता है। क्षमा धर्म हमारा स्वभाव है जबकि क्रोध विमाव है। समा मन का स्वभाव नही यह आत्मा या धर्म का स्वभाव है पर है वही भ्रम है, भ्रमित होकर व्यक्ति जीता चला जाता है जब व्यक्ति अपना क्रोध रूपी भ्रम को छोड देता है तो क्षमा रूपी धर्म स्वत- प्रकट हो जाता है! धर्म के 10 रूप नहीं होते है, धर्म का केवल एक रूप होता है और वह स्व धर्म ही होता है उक्त आशय के उद्गार आज हजारों भक्त जनों के बीच पूज्य मुनि श्री ने व्यक्त किए। इस अवसर पर संस्कारधानी जबलपुर के महापौर श्री जगत बहादुर अन्नू भैया मनोज सेठ विमल जैन पनागर नगर पालिका के उपाध्यक्ष महेंद्र चक्रवर्ती एडवोकेट ने मुनि श्री के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। एवं पूज्य गुरुवर से चर्चा की इस अवसर पर जैन समाज के अध्यक्ष राजेश जैन कटंगा अंकुर जैन अंकित जैन के अलावा अनेक पदाधिकारी भी साथ में थे । पयूषण पर्व के प्रथम दिवस स्वधर्म शिविर में दिल्ली उत्तर प्रदेश महाराष्ट्र कर्नाटक असम एवं गुजरात आदि राज्यो से शिविरार्थियो ने भाग लिया है।



## श्रीनगर पंडित सभा ने किया उमा घाट पर श्रावणी उपकर्म

जबलपुर ,यशभारत। श्रीनगर पंडित सभा ने नर्मदा तट के उमा घाट पर प्रातः भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को ऋषि पूजन एवं श्रावणी उपकर्म का आयोजन किया द्य इस अवसर पर समस्त आचार्य पदाधिकारियों ने मां नर्मदा में स्नान कर , वेद मंत्रोच्चार के बीच मां नर्मदा का षोडशोपचार पूजन एवं अभिषेक किया । प्रारंभ में गणपति पूजन पश्चात आचार्यों द्वारा 10 विधि स्नान एवं यज्ञोपवीत का पूजन कर नवीन यज्ञोपवीत धारण कर हवन विधि को संपन्न कराया द्य इस अवसर पर नगर पंडित सभा के अध्यक्ष पंडित अखिलेश त्रिपाठी , महामंत्री पंडित देवेंद्र त्रिपाठी ,कोषाध्यक्ष पंडित सुशील दुबे ,पंडित दीपू तिवारी, सत्येंद्र स्वरूप शास्त्री ,अरुण दुबे, दिनेश गर्ग, कामता प्रसाद तिवारी, शैलेंद्र त्रिपाठी, संजय मिश्रा ,लोकेश दुबे ,संदीप मिश्रा, अतुल चतुर्वेदी ,पंडित शालिग्राम ,पंडित आनंद शंकर , पंडित कुलदीप शुक्ला, पंडित राजा राम, पंडित संदीप ,पंडित बाबूलाल आदि की उपस्थिति रही।

## रेत के अवैध उत्खनन में संलिप्त 5 ट्रेक्टर-ट्राली व एक मोटर साईकिल जब्त



**नरसिंहपुर यभाप्र।** कलेक्टर रोहित सिंह के निर्देश पर जिले में खनिज विभाग द्वारा रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस, खनिज एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने 31 अगस्त को कार्रवाई की। इस दौरान रातीकरार, रमन्ना टोला के बीच सड़क के दोनों ओर शासकीय भूमि के एक हेक्टर रकबे में टीलों से मिट्टी हटाकर रेत का अवैध उत्खनन कराया जाना पाया गया। संयुक्त टीम ने अवैध उत्खनन में संलिप्त 5 ट्रेक्टर- ट्राली तथा एक मोटर साईकिल को जब्त किया। साथ ही अवैध उत्खनन स्थल से जाने वाली सड़क के किनारों पर डंप की गई 10 ट्राली लावारिस रेत को जब्त कर सरपंच ग्राम पंचायत रातीकरार कलां की सुपुर्दगी में सौंपा गया। कार्रवाई के दौरान जब्त ट्रेक्टर- ट्राली पॉवर ट्रेक इंजन नम्बर ई-34490835, जोनडियर क्रमांक एमपी 38 एए 1660, पॉवर ट्रेक 439 डीएस, महिन्द्रा 575 डीआई भूमिपुत्र, महिला बी 275 डीआई और बजाज मोटर साईकिल क्रमांक एमपी 49 एम 5943 को जब्त कर तहसील कार्यालय करेली के परिसर में अभिरक्षा में खड़ा किया गया है। इस संबंध में दर्ज प्रकरण को खनिज नियमों के अनुसार अग्रिम कार्रवाई के लिए न्यायालय अपर कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करने की कार्रवाई की जा रही है। यह जानकारी जिला खनि अधिकारी खनिज शाखा नरसिंहपुर ने दी है।

## अज्ञात वाहन ने मारी मोटर साइकिल को टक्कर



नरसिंहपुर यभाप्र। नगर साईं खेड़ा के शीतल लोधी पिता सुंदर लाल लोधी 26 वर्ष एवं आकाश मेहरा पिता भगवानदास मेहरा उम्र 22 वर्ष निवासी माता वार्ड करीब 11 बजे स्टेट हाईवे 44 गाडरवारा से सांईखेड़ा अपनी बाइक द्वारा आ रहे थे कि स्टेट हाईवे 44 देतपोन स्टैंड तिराहा पर किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी इस कारण दोनों नवयुवक का निधन हो गया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पीएम के उपरांत शव परिजनों को सौंप कर अंतिम संस्कार किया गया पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अज्ञात वाहन पर मामला कायम कर जांच जारी है और बाहन को जल्द से जल्द पकड़ कर उस पर कार्यवाही की जाएगी।

# शांति समिति की बैठक संपन्न



**गोटेगांव, यशभारत।** गोटेगांव नगर की पुलिस थाना प्रांगण में बीते गुरुवार को आगामी त्योह शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें निर्णय लिया गया कि श्री गणेश जी की प्रतिमा पंडाल में एक व्यक्ति का रात्रि में होना अतिआवश्यक है जिसका नाम व पता पुलिस थाना में अवश्य लिखाएं ।विसर्जन के समय शासन द्वारा निर्धारित कुंड में ही गणेश जी प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाए एवं सहायता के लिये नगरपालिका व पुलिस प्रशासन को सूचित किया जाए ।प्रतिमाओं की स्थापना वाले पंडालों के प्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा निर्देश अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पुरुषोत्तम मरावी एवं नगर निरीक्षक कमलेश चौरिया द्वारा प्रदान किये गए।इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पुरुषोत्तम मरावी,नगर निरीक्षक कमलेश चौरिया,नगरपालिका से नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि जिंतेंद्र ठाकुर, पार्षद दुलीचंद विश्वकर्मा,मनीष जैन,राजेन्द्र राय, इंजीनियर सौहार्द मात्रे,विकास राजपूत,अरशद मोहम्मद खान,समस्त पुलिस स्टाफ,एवं पत्रकार बन्धु उपस्थित रहे।

## यूनियन एसेट मैनेजमेंट कंपनी प्राइवेट लिमिटेड यूनियन एएमसीष्द्ध ने यूनियन रिटायरमेंट फंड को लॉन्च करने की घोषणा की

एजेंसी। यूनियन एएमसी ने आज यूनियन रिटायरमेंट फंड के लॉन्च की घोषणा की। यह असीमित अवधि के लिए रिटायरमेंट समाधान उपलब्ध कराने वाली योजना हैए जिसमें लॉक.इन पीरियड 5 साल या रिटायरमेंट की उम्र तक ;इनमें से जो भी पहले होद्ध होता है।

यूनियन रिटायरमेंट फंड योजना का न्यू फंड ऑफर ;शुभारंभ 1 सितंबर 2022 को होगा और इसका समापन 15 सितंबर, 2022 को होगा। इसमें न्यूनतम 1,000 रुपये और उसके बाद 1 रुपये के गुणकों में निवेश किया जा सकता है। यूनियन रिटायरमेंट फंड ऐसे समय में आया है जब विभिन्न उद्योगों की कंपनियों को रिकॉर्ड एट्रिशन द्वारा चुनौती दी जा रही है। कर्मचारी उद्योगों में बदलाव का विकल्प चुन रहे हैं और कुछ तो पूर्णताए अर्थ और उद्देश्य की तलाश में अस्थायी नौकरियों के पक्ष में पूरी तरह से बाहर भी हो रहे हैं। इस ट्रेंड के मुकाबले जीवन प्रत्याशा में वृद्धि ;स्वतंत्रता के 75 वर्षों में भारत में जीवन प्रत्याशा 30 साल से बढ़कर लगभग 70 साल हो गई है हो गई हैए तथा रिटायरमेंट के बाद के वर्षों की आजादी का सही मायने में लाभ उठाने के लिए गंभीरता से योजना बनाने और अनुशासन की जरूरत है।

# श्रीमती उमा विश्वास पर्यवेक्षक सेवानिवृत्त हुई



**पनागर, यशभारत।** महिला बाल विकास कार्यालय से 43 वर्ष की सेवा से श्रीमती उमा विश्वास पर्यवेक्षक अपनी शासकीय सेवा सेवानिवृत्त हुई इस अवसर पर समस्त स्टाफ एंव परिजनो की उपस्थिति में परियोजना अधिकारी श्रीमती आराधना गर्ग द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित कर विदाई दी गई एवं समस्त स्टाफ के कर्मचारियों द्वारा शुभकामनाएं देकर उज्ज्वल भविष्य व स्वस्थ जीवन की कामना की गई।

# सेवानिवृत्त होने पर एकीकृत हाई स्कूल को सुंदर उपहार



पनागर, यशभारत। एकीकृत शासकीय हाई स्कूल सुहागी से 30 जुलाई 2022 को सहायक शिक्षिका श्रीमती आशा सैनी ने अपनी सेवानिवृत्ति पर विद्यालय को प्रार्थना स्थल के लिए 71500 की लागत का शैड उपहार स्वरूप दिया है जो कि विद्यार्थियों को बारिश एवं धूप से सुरक्षा प्रदान करता है शाला परिवार ,विद्यार्थियों एवं बीआरसी कार्यालय की ओर से श्रीमती सोनी का शाला परिवार हमेशा आपका आभारी रहेगा।

# नगर परिषद अध्यक्ष ने आंगनवाड़ी केंद्रों में विद्युत पंखे किये वितरित



**गाडरवारा( यशभारत )**नगर परिषद चीचली के 9 आंगनबाड़ी केंद्रों में नगर परिषद अध्यक्ष शेख मंजूर बबलू सिंघानिया ने विद्युत पंखे वितरित किए।इस मौके पर महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी उमा वर्मन, पार्षद रानू ताम्रकार, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष छोटे राजा कौरव, विनय ताम्रकार सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाए उपस्थित थी । नगर परिषद अध्यक्ष बबलू सिंघानिया ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं केंद्रों पर उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नगर परिषद का चहुमुखी विकास कराना मेरा लक्ष्य है आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए मुझसे जो भी सहयोग बनेगा मैं करता रहूंगा । उन्होंने आगे कहा कि महिला बाल विकास विभाग शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने में सहयोग करें । ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष छोटे राजा कौरव, परियोजना अधिकारी उमा बर्मन ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए ।

# शोकाकुल परिवार में पहुँच नपा अध्यक्ष उपाध्यक्ष ने मृत्यु प्रमाणपत्र



अध्यक्ष की नई पहल की हो रही है जमकर तारीफ

**गाडरवारा( यश भारत )।** नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा ने नगरवासियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए अनूठी पहल प्रारंभ की है मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए लोगों को अब नगरपालिका नहीं जाना पड़ेगा उनके घर पर ही नपा द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र पहुंचाए जाएंगे द्य इससे शोकाकुल परिवार के लोगों को राहत मिलेगी द्य आज चावड़ी वार्ड निवासी शाहमीन (गप्पू खान) के निवास स्थान पहुंचकर नगर पालिका अध्यक्ष ने गप्पू के पिता कल्लू भाई की मृत्यु पर दुख व्यक्त कर शोकाकुल परिवार के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए मृत्यु प्रमाण पत्र देकर शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया । इस मौके पर उपस्थित नगरपालिका उपाध्यक्ष प्र रीतेश राय, पार्षद रोहित ठाकुर , अब्दुल फिरोज खान, युवा मोर्चा पूर्व जिला उपाध्यक्ष अभिषेक सराठे, भाजपा मंडल महामंत्री अमृतांशु कोरी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष सोहेल खान, बिंदा पंड्या, दुर्गेश नीरस, राजू रजक आदि ने भी शोकाकुल परिवार के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की ।

# नपा अध्यक्ष सभापति ने ली जल विभाग की समीक्षा बैठक



**गाडरवारा(यश भारत)**नगरपालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा की उपस्थिति में जल कार्य सभापति आनंद दुबे की ओर से जल कार्य विभाग की बैठक आयोजित की गई । बैठक में जल बचाओ अभियान के तहत जागरूकता अभियान व सभी व्यवस्था सुचारु रूप से लागू करने जल प्रदाय व्यवस्था को व्यवस्थित चलाने के निर्देश दिए , साथ ही अमृत योजना की जानकारी ली गई।बैठक में सभापति ने कहा कि राजस्व बढ़ाने के लिए अवैध नल कनेक्शनों को वैध करने की कार्रवाई हो और पुराना जल कर लोगों से वसूला जाए साथ ही सभापति ने निर्देशित किया कि ट्यूबवेल पंप पर ऑपरेटर के नंबर लिखवाऐ जाए, क्योंकि अधिकांश जगह निरीक्षण के दौरान पंप ऑपरेटर गायब मिले हैं पानी की पाइप लाइन लीकेज को सुधारने के निर्देश भी दिए गए हैं। नगरपालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा ने कहां की नगर सरकार सभी नगरवासियों की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने समस्याओं का शीघ्र निराकरण चाहती हैं नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी हमारा परिवार हैं नगर पालिका के जनप्रतिनिधि एवं नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी नगरवासियों के हित मे बेहतर काम करते हुए समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान देकर उनका तुरंत निराकरण करें हैं जरुरतमंदों को नगरवासियों को हर संभव लाभ पहुचाना हैं, सभापति आनंद दुबे ने कहा की नगर पालिका की व्यवस्था बेहतर रूप से संचालित हो नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी अपने दायित्व का निष्ठा व ईमानदारी के साथ निर्वहन करें हम सभी को सरकार की मंशानुसार पूरी ताकत के साथ जनहित मैं कार्य करना होगा ।इस बैठक मैं मुख्य नगरपालिका अधिकारी जय श्री चौहान ,जल विभाग प्रभारी जयंत ब्राऊन ,व समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आबकारी विभाग ने जब्त की 1465 किलोग्राम महुआ



नरसिंहपुर यभाप्र। कलेक्टर रोहित सिंह के निर्देशों के परिपालन में जिले में अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन व विक्रय के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत बुधवार को वृत्त नरसिंहपुर के अंतर्गत ग्राम खमतरा में दबिश देकर 1465 किलोग्राम महुआ लाहन शराब बनाने का कच्चा माल व 17 लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद की गई। जब्त की गई सामग्री एवं मदिरा का अनुमानित मूल्य 74 हजार 950 रूपये है। अभियान के दौरान अवैध मदिरा से संबंधित 6 आपराधिक प्रकरण दर्ज किये गये। ये प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के प्रावधानों के तहत दर्ज किये गये। अभियान जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती अम्रता जैन व सहायक जिला आबकारी अधिकारी डीसी चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है।

# फूड सेफ्टी विभाग ऐसे दुकानदारों के खिलाफ नहीं कर रहा है कार्रवाई



**भारी भरकम किराना की थोक दुकानों पर बिक रहा है अमानक स्तर का माल**

**गोटेगांव, यशभारत।** नगर के बाजारों में इन दिनों धड़ल्ले से किराना और जनरल स्टोर दुकानों पर एक्सपायरी डेट वाली खाद्य सामग्री दुकानदारों के द्वारा बेची जा रही है। जानकारी के अनुसार अन ब्रांडेड तो दूर कुछ प्रसिद्ध ब्रांडेड कंपनियों के बिस्कुट, नमकीन आदि तो खाने योग्य तय समय सीमा से डेढ़ से दो महीने बाद की तिथि तक बेची जा रही है। जागरूक लोग तो इन्हें खरीदने से मना कर देते हैं। लेकिन अनपढ़ लोग अज्ञानतावश एक्सपायरी माल भी खरीद लेते हैं। गौरतलब है कि नगर के मुख्य वितरक द्वारा अपने बचे हुए एक्सपायरी माल को खपाने हेतु ग्रामीण क्षेत्र के किराना व छोटे-मोटे पान दुकानों को निशाना बनाया जाता है। जहां बेखौफ होकर फुटकर दुकानदार एक्सपायरी माल को भी बेचकर मुनाफा कमा लेते हैं।

### खाद्य सुरक्षा प्रशासन नहीं है संवेदनशील

एक्सपायरी खाद्य सामग्री की नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में धडल्ले से हो रही बिक्री को लेकर खाद्य सुरक्षा प्रशासन संवेदनशील नहीं है। समय-समय पर खाद्य सामग्री के दुकानों में उत्पाद की जांच नहीं की जाती है। जिस कारण व्यवसायी को एक्सपायरी माल बेखौफ बेचने की मानों छूट सी मिल जाती है। स्थानीय निवासियों द्वारा बताया कि दुकानदार लोकल से लेकर ब्रांडेड कंपनियों की खाद्य सामग्री को एक्सपायरी डेट निकलने के बाद भी अनपढ और बच्चों को बेच रहे हैं। ऐसा करके वे लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। इसको लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई करनी चाहिए।

## राष्ट्रीय पोषण माह पर रैली निकली



**पनागर, यशभारत।** 1सितंबर से 30 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण माह का परियोजना अधिकारी श्रीमती आराधना गर्ग पर्यवेक्षक मुकुल प्यासी के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम निपानिया में रैली निकालकर किया गया आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पूनम राजपूत सहायिका उत्तरा सिंह राजपूत सहित जिसमें ग्राम के युवा नागरिक के सहयोग से ग्राम में रैली निकालकर राष्ट्रीय पोषण माह का प्रचार प्रसार किया गया।





# श्रीलंका ने बांग्लादेश को हराकर सुपर-4 में बनाई जगह

## अफगानिस्तान से होगी भिड़ंत

दुबई, एजेंसी। श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच गुरुवार रात एशिया कप 2022 का 5वां मुकाबला खेला गया और यह मैच च्करो या मरोज जैसा था। दरअसल, ग्रुप बी में दोनों टीमों को अफगानिस्तान के हाथों अपने-अपने पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा था। यह मैच जीतने वाली टीम ही सुपर-4 में प्रवेश करती। श्रीलंका बनाम बांग्लादेश मुकाबले में दासुन शनाका की टीम ने ना सिर्फ रोमांचक अंदाज में मैच जीतकर अगले चरण में प्रवेश किया बल्कि शाकिब अल हसन की टीम से 4 साल पुराना हिसाब भी चुकता किया।

गबांग्लादेश ने श्रीलंका के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 183 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया था। श्रीलंका ने जीत के लिए मिले 184 रन के लक्ष्य को 19.2 ओवर में आठ विकेट पर हासिल कर बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर कर रास्ता दिखा दिया। श्रीलंका ने 184 रन का पीछा करते हुए 158 रन पर कप्तान शनाका के रूप में अपने आखिरी बल्लेबाज को खो दिया था। इसके बाद चमिका करुणारत्ने (16) और असिता फर्नांडो (10) ने 10 गेंदों में 26 रन जोड़कर अपनी टीम को बेहद करीबी मुकाबले में जीत दिलाई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका को पथुम निसंका और कुसल मेंडिस ने मजबूत शुरुआत दिलाते हुए पहले विकेट के लिए 5.3 ओवर में 45 रन जोड़े। चरित असलंका (01), दनुष्का गुनथलिका (11) और भानुका राजपक्षे (02) के जल्दी आउट होने के बाद कप्तान शनाका ने मेंडिस के साथ मोर्चा संभालते हुए पांचवें विकेट के लिए 54 रन की साझेदारी की। मेंडिस ने 37 गेंदों पर चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 60 रन बनाए, जबकि शनाका ने 33 गेंदों पर तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए 45 रन की पारी खेली। मेंडिस और शनाका के प्रयासों के बावजूद श्रीलंका 158 रन पर अपने सभी बल्लेबाजों के विकेट गंवाकर संकट में थी, लेकिन करुणारत्ने और फर्नांडो के प्रयासों ने उसे जीत दिलाई। करुणारत्ने 10 गेंदों पर 16 रन बनाने के बाद 19वें ओवर की पांचवीं गेंद पर रन आउट हो गए। इसके बाद फर्नांडो ने तीन गेंदों पर 10 रन बनाए, जिसमें 19वें ओवर की दूसरी गेंद पर लगाया गया विजयी चौका शामिल था। मैच जीतने के बाद श्रीलंकाई खिलाड़ी चमिका करुणारत्ने नागिन डांस करते हुए नजर आए। बता दें 2018 निदहास ट्रॉफी के दौरान जब बांग्लादेश ने श्रीलंका को पटखनी दी थी तो उनके खिलाड़ियों ने भी कुछ इसी अंदाज में जश्न मनाया था। 2018 निदहास ट्रॉफी के फाइनल में जगह बनाने के लिए मेजबान श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच मैच खेला गया था। इस मैच में दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच काफी बहस-बाजी चल रही थी। मैदान पर भी खिलाड़ियों को आपस में झगड़ते हुए देखा गया था। जब बांग्लादेश ने वह मैच जीता तो उनकी टीम के खिलाड़ियों ने मैदान पर नागिन डांस कर जीत का जश्न मनाया था। अब 4 साल बाद जब श्रीलंका ने एशिया कप 2022 से बांग्लादेश को बाहर किया तो टीम के खिलाड़ी चमिका करुणारत्ने ने इसी अंदाज में जीत का जश्न मनाकर हिसाब चुकता किया।

# आज साफ हो जाएगी सुपर 4 की तस्वीर, भारत समेत इन टीमों ने अभी तक किया क्वालीफाई

एशिया कप 2022 के ग्रुप स्टेज में भारत और अफगानिस्तान ने अपराजित रहते हुआ सुपर 4 में अपनी जगह बनाई थी, वहीं गुरुवार को श्रीलंका ने बांग्लादेश पर धमाकेदार जीत दर्ज कर अगले चरण में प्रवेश कर लिया है। आज पाकिस्तान बनाम हॉन्ग कॉन्ग मुकाबले से हमें सुपर 4 की चौथी टीम मिलेगी। बता दें, सुपर 4 स्टेज का पहला मुकाबला 3 सितंबर को अफगानिस्तान और श्रीलंका के बीच खेला जाएगा। दोनों ग्रुप की बात करें तो भारत, पाकिस्तान और हॉन्ग कॉन्ग की टीम ए ग्रुप में हैं, वहीं श्रीलंका, अफगानिस्तान और बांग्लादेश ग्रुप बी में हैं। भारत ने पाकिस्तान और हॉन्ग कॉन्ग को हराकर सुपर 4 में आसानी से अपनी जगह पक्की कर ली है। ग्रुप ए से अभी तक भारत ने अपने दोनों मैच जीतकर सुपर 4 में अपनी जगह पक्की की है, वहीं पाकिस्तान यह हॉन्ग कॉन्ग में से किसी टीम को अभी अपनी जगह बनाना बाकी है। ग्रुप बी से मोहम्मद नबी की अफगानिस्तान के साथ दासुन शनाका की अगुवाई वाली श्रीलंकाई टीम ने सुपर 4 के लिए क्वालीफाई करने में सफल रही हैं।



### सुपर 4 का शेड्यूल

3 सितंबर - अफगानिस्तान बनाम श्रीलंका
4 सितंबर - भारत बनाम (पाकिस्तान या हॉन्ग कॉन्ग जो क्वालीफाई करेगा)
6 सितंबर - भारत बनाम श्रीलंका
7 सितंबर - (पाकिस्तान या हॉन्ग कॉन्ग जो क्वालीफाई करेगा) बनाम अफगानिस्तान
8 सितंबर - भारत बनाम अफगानिस्तान
9 सितंबर - श्रीलंका बनाम (पाकिस्तान या हॉन्ग कॉन्ग जो क्वालीफाई करेगा)



# अर्जुन- मलाइका से दीपिका- रणवीर तक, पार्टनर्स के लिए इन क्यूट निकनेम्स का इस्तेमाल करते हैं ये 8 कपल्स

**मुंबई ,एजेंसी।** बॉलीवुड इंडस्ट्री में आज ऐसे कई कपल्स मौजूद हैं, जिन्हें देखकर फैन्स हमेशा ही खुश होते हैं और उनके बारे में अधिक से अधिक जानने की कोशिश करते हैं। अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा से लेकर रणबीर कपूर और आलिया भट्ट तक, इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि ये कपल्स अपने पार्टन्स को किस नाम से बुलाते हैं। अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा- बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा की लव स्टोरी काफी इंट्रेस्टिंग है। शुरू में जहां ये दोनों एक दूजे संग रिलेशनशिप की खबरों को छुपाते थे तो वहीं अब खुलकर प्यार का इजहार करते हैं। करण जौहर के शो में अर्जुन ने बताया था कि वो मलाइका को मलाइका ही कहते हैं, जबकि मलाइका उन्हें मैड हेटर कहती हैं। विराट कोहली और अनुष्का शर्मा क्रिकेटर विराट कोहली और अभिनेत्री अनुष्का शर्मा की जोड़ी फैन्स को खूब पसंद है। कपल वैसे तो अपनी पर्सनल लाइफ पर खुलकर बात करना पसंद नहीं करता है लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अनुष्का को उनके परिवार वाले नुशेश्वर कहते हैं, जबकि विराट उन्हें नुष्की कहते हैं। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह-हिंदी सिनेमा की दमदार एक्ट्रेस दीपिका पादुकण और सुपर एनर्जी किंग रणवीर सिंह का भी नाम इस लिस्ट में है। रणवीर- दीपिका एक दूजे पर प्यार लुटाने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। वैसे बता दें कि दीपिका, पति रणवीर को कैंडी कहकर बुलाती हैं, जबकि रणवीर उन्हें बेबी और गुजराती पेट नेम छपली कहते हैं।

**निक जोनस और प्रियंका चोपड़ा-** भले ही निक जोनस और प्रियंका चोपड़ा की उम्र में फासला बड़ा है लेकिन दोनों का प्यार गहरा है। निक और प्रियंका की गिनती पावर कपल में होती है। प्रियंका पति निक जोनस को अक्सर जान कहकर बुलाती हैं।

**रणबीर कपूर और आलिया-** बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर और आलिया भट्ट इन दिनों पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर खूब चर्चा में हैं। एक ओर जहां आलिया प्रेग्नेंट हैं, तो दूसरी ओर फिल्म ब्रह्मास्त्र भी रिलीज के करीब है। बता दें कि रणबीर के साथ ही आलिया के करीबी दोस्त एक्ट्रेस को आलू कहकर बुलाते हैं।

**शाहिद कपूर और मीरा-** बॉलीवुड के सुपर डैशिंग एक्टर शाहिद कपूर अपने बेबाक जवाबों के लिए भी जाने जाते हैं। शाहिद और मीरा एक क्यूट कपल है, जिसे फैन्स का ढेर सारा प्यार मिलता है। मीरा कपूर, पति शाहिद को शाडू और टॉमी कहकर बुलाती हैं। याद दिला दें कि शाहिद ने फिल्म उड़ता पंजाब में टॉमी का किरदार निभाया था।



# रानी चटर्जी ने शुरू की नई फिल्म की शूटिंग

## गैंगस्टर इन बिहार में दिखेगा अभिनेत्री का जुदा अंदाज

**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी इंडस्ट्री की सबसे चर्चित अभिनेत्रियों में से एक रानी चटर्जी आए दिन किसी न किसी कारण से चर्चा में बनी रहती हैं। सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहने वाली रानी अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें और वीडियोज साझा करती रहती हैं, जिनकी वजह से वह लाइमलाइट में बनी रहती हैं। हमेशा अपनी ग्लैमरस तस्वीरों की वजह से लाइमलाइट बटोरने वाली रानी चटर्जी ने हाल ही में सोशल मीडिया के जरिए अपनी नई फिल्म का अनाउंसमेंट किया है, जिसे सुन फैंस काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। दरअसल, भोजपुरी क्वीन रानी चटर्जी ने हाल ही में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी एक नई फिल्म का एलान किया है। रानी चटर्जी की इस नई फिल्म का नाम गैंगस्टर इन बिहार है। रानी चटर्जी ने एलान करने के साथ ही पोस्ट में फिल्म के सेट से मुहूर्त की बहुत सारी तस्वीरें भी साझा की हैं, जिनमें अभिनेत्री का इंडियन लुक फैंस का दिल जीत रहा है। तस्वीरों में रानी चटर्जी ब्लैक और पिंक कलर की साड़ी पहने नजर आ रही हैं। हमेशा की तरह ही रानी चटर्जी का यह ट्रेडिशनल लुक लोगों को बेहद पसंद आ रहा है। इन तस्वीरों में रानी चटर्जी के साथ फिल्म निर्माता राम शर्मा और निर्देशक दिलावेज खान भी नजर आ रहे हैं। फिल्म गैंगस्टर इन बिहार के मुहूर्त से वायरल होती इन तस्वीरों में राम शर्मा भगवान गणेश के साथ-साथ कैमरे की पूजा भी करते नजर आ रहे हैं। रानी चटर्जी स्टारर यह फिल्म राम शर्मा फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही है। गैंगस्टर इन बिहार को एनआरआई राम शर्मा प्रोड्यूस कर रहे हैं। अभिनेत्री रानी चटर्जी के साथ-साथ इसमें प्रवेश लाल यादव, प्रमोद प्रेमी यादव, राखी मिश्रा और संजय पांडे भी अहम भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं।



# 17 मिनट तक इस हीरोइन संग चला राम कपूर का रोमांटिक सीन

**मुंबई, एजेंसी।** आम तौर पर मोटे लोगो को समाज में बहुत ही अलग नजरिये से देखा जाता है। और, हिंदी सिनेमा में कोई मोटा तगड़ा व्यक्ति हीरो भी बन सकता है, यह तो कोई कल्पना भी नहीं कर सकता। खुद को स्लिम फिट रखने के लिए हिंदी फिल्म जगत के हीरो घंटों जिम में पसीना बहाते हैं। ऐसे में जब राम कपूर छोटे परदे पर हीरो बनकर आए तो लोगो का उनके मोटापे को देखकर चौकना स्वाभाविक था। और, सिर्फ छोटे परदे पर ही नहीं बल्कि बड़े परदे पर भी राम कपूरने इसी कद काठी के साथ खूब धमाल मचाया। 1 सितंबर, 1973 को दिल्ली में जन्मे राम कपूर के करियर का टर्निंग प्वाइंट रहा एकता कपूर का शो बड़े अच्छे लगते हैं, इस शो में उनकी और साक्षी तंवर की अंतरंगता को दर्शकों ने काफी पसंद किया।

**बाद में सनी लियोनी संग भी किया रोमांस**

### लव मेकिंग सीन ने मचाया तहलका

धारावाहिक बड़े अच्छे लगते हैं एक ऐसा शो है जिसने अपने समय में खूब सुर्खियां बटोरी थी। इस शो ने छोटे परदे वह सब कुछ दिखा दिया, जिसे घरेलू धारावाहिकों में तब तक वर्जित ही माना जाता था। इस शो में राम कपूर और साक्षी तंवर की केमिस्ट्री को काफी पसंद किया जा रहा था। और, एक रात एकता कपूर ने छोटे परदे पर तब तक का सबसे चर्चित सीन दिखा डाला। राम कपूर और साक्षी तंवर के बीच फिल्माया गया ये लव मेकिंग सीन खासा चर्चा में रहा। छोटे परदे पर पहली बार ऐसा सीन फिल्माया गया था। ऐसा पहली बार हुआ कि किसी धारावाहिक में लगातार 17 मिनट तक एक उत्तेजक सीन चलता रहा।

### वेब सीरीज में निभाए निगेटिव किरदार

टीवी में ज्यादातर सीधे-सादे नायक और रोमांटिक किरदार निभा कर खूब सुर्खियां बटोर चुके राम कपूर वेब सीरीज च्अभय-2 के साथ ही फिल्म बहुत हुआ सम्मानज में भी निगेटिव किरदार निभा चुके है। राम कपूर मानते हैं कि हर कलाकार खुद को अलग-अलग किरदारों में देखना पसंद करता है, लेकिन टीवी दर्शकों की पसंद अलग होती है। अगर एक बार उन्हें आपकी कोई छवि पसंद आ जाए तो किसी दूसरे किरदार में पसंद करना मुश्किल होता है।

### सनी लियोनी के बने हीरो

सिर्फ छोटे परदे पर ही नहीं फिल्मों में भी राम कपूर हीरो बनकर आ चुके है। राम कपूर ने सनी लियोनी के हीरो के तौर पर फिल्म 'कुछ कुछ लोचा है' में काम किया है। इस फिल्म के निर्देशक देवांग ढोलकिया थे। हालांकि ये फिल्म सफल नहीं रही, लेकिन सनी लियोनी के साथ काम करके राम कपूर उन दिनों खूब सुर्खियों में रहे। इस फिल्म में राम कपूर ने प्रवीण पटेल का किरदार निभाया था।



# प्राची तेहलान ने दिल्ली पुलिस से पति की शिकायत

## शादी के दो साल बाद अदालत तक पहुंची प्रेम कहानी

**मुंबई , एजेंसी।** दो साल पहले अपने पुराने दोस्त रोहित सरोहा के साथ शादी करने वाली अभिनेत्री प्राची तेहलान ने दिल्ली पुलिस के पास अपने पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। मंगलवार को प्रशांत विहार थाने में दर्ज कराई गई इस शिकायत के साथ प्राची ने एक वीडियो भी थाने में जमा किया है, जिसमें उनके पति कथित रूप से एक अवैध हथियार चलाते देखे जा सकते हैं। पुलिस ने प्राची की शिकायत दर्ज होने की पुष्टि की है। प्राची के करीबी सूत्र बताते हैं कि वह इन दिनों काफी डरी हुई हैं और घर से बाहर भी कम ही निकल रही हैं। दरअसल, प्राची ने बीती देर रात ट्विटर पर एक वीडियो पोस्ट किया। इस पोस्ट में देश के गृह मंत्री अमित शाह, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और दिल्ली पुलिस आदि को टैग किया गया है। वीडियो में दिख रहा शख्स प्राची के मुताबिक रोहित सरोहा है और वह अवैध हथियार के जरिये फायरिंग कर रहा है। हर्ष फायरिंग के इस वीडियो में चार फायर होते हुए देखे जा सकते हैं और पहली नजर में ये हथियार फिल्मों में दिखने वाली शॉट गन जैसा है। इस बारे में तहकीकात करने पर पता चला कि ये वीडियो पोस्ट करने से पहले प्राची ने इस बारे में एक लिखित शिकायत भी एक दिन पहले प्रशांत विहार थाने में दर्ज कराई और ये वीडियो भी एक पेन ड्राइव में पुलिस को सौंपा। प्राची तेहलान के ट्वीट को कोट ट्वीट करते हुए एक पत्रकार ने ये वीडियो जिम कॉर्बेट पार्क का बताया है और फायरिंग करने वाले शख्स की पहचान प्राची के पति रोहित सरोहा के रूप में की है। ये भी लिखा गया कि प्राची तेहलान ने दहेज उत्पीड़न का एक मुकदमा मॉडल टाउन थाने में दर्ज कराया है। इस ट्वीट से पता चलता है कि प्राची तेहलान और रोहित सरोहा की दो साल पहले हुई शादी टूटने के कगार पर है।

### दो साल पहले हुई शादी

प्राची तेहलान ने सुपरस्टार ममूटी के साथ रिलीज हुई अपनी चर्चित मलयालम फिल्म 'ममंगम' की रिलीज के कुछ ही दिन बाद रोहित सरोहा से शादी की थी। कोरोना संक्रमण काल के दौरान हुई शादी के समय प्राची ने बताया था कि वह रोहित को पिछले आठ साल से जानती थीं। बीच में कुछ अनबन होने के चलते दोनों अलग भी हुए लेकिन कोरोना की बनाई दूरी ने दोनों को फिर से मिला दिया। प्राची ने तब कहा था, ये विश्वास करना मुश्किल है कि हम दोनों ने इतने लंबे समय तक एक-दूसरे से बात नहीं की। इस बार तार दोबारा जुड़ने पर रोहित ने अगले दिन ही शादी का प्रस्ताव दे दिया और शादी हो गई।

# मप्र आयुर्विज्ञान विवि में अंक बढ़ाने का खेल

# 30 ज्यादा विद्यार्थियों के रिजल्ट में टाइपिंग मिस्टेक का बहाना !

## विश्वविद्यालय के परीक्षा कार्य देख रहे अधिकारियों का विवादों से है नाता

### ईसी बैठक में परिणाम सुधारने का प्रस्ताव

**जबलपुर, यशभारत। पास -फेल के लिए पूरे मध्यप्रदेश में ख्याति प्राप्त कर चुकी मप्र आयुर्विज्ञान विवि जबलपुर में एक और कारनामा सामने आया है। दरअसल टाइपिंग मिस्टेक की आड़ में करीब 30 विद्यार्थियों के अंक बढ़ाए जाने का प्रस्ताव कार्यपरिषद की बैठक में पास किया गया है। हैरानी की बात यह है कि विवि के पास निजी कंपनी से लेकर शासकीय स्टाफ पर्याप्त है बाबजूद टाइपिंग मिस्टेक होना कई सवालों को खड़ कर रहा है। एक ओर विवि में यह चर्चा है कि किसी एक छात्र के परिणाम में टाइपिंग मिस्टेक होना माना जा सकता है लेकिन इतने ज्यादा विद्यार्थियों के टाइपिंग मिस्टेक होना गड़बड़ी की तरफ अंदेशा करता है।**

### कॉलेजों पर कार्रवाई क्यों नहीं

कॉलेजों द्वारा गलती की जा रही है और डॉक्टर बनाने की प्रक्रिया में ऐसी मिस्टेक होना बताता है कि यह सब जानबूझकर किया जा रहा है। सबसे हैरानी की बात तो यह है कि टंकन मिस्टेक इतनी संख्या में होना यह बताता है कि पास-फेल के खेल को बेखूबी पूरी सांठगांठ से अंजाम दिया जा रहा है।

### केस-1

विवेकानंद पैरामेडिकल शहडोल के डीएमएलटी छात्र बैच 2018 की परीक्षा में शामिल हुआ था। अप्रैल 2022 में परिणाम जारी हुआ जिसमें पैथोलॉजी पेपर प्रथम विषया के प्रायोगिक अंक में विवि द्वारा टंकन त्रुटि के कारण 90 अंक के स्थान पर 43 अंकित हो गए हैं। उक्त प्रकरण में ईसी बैठक के जिम्मेदारों ने सुधार के लिए कहा है।

### केस-2

एसएस मेडिकल कॉलेज रीवा द्वारा पत्र भेजा गया जिसमें एमडी फार्मलॉजी विषय के एक विद्यार्थी के प्रायोगिक अंक पोर्टल पर गलत प्रविष्ट कर दिए गए हैं। विवि द्वारा दिनांक 23 जुलाई 2022 को परिणाम घोषित किया गया है। जिसमें टंकन गलती हुई है।

### केस-3

बीएम शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल के द्वारा विवि को




सूचित किया गया कि एमबीबीएस सेकंड फार्माकोलॉजी विषय की प्रायोगिक परीक्षा के 24 विद्यार्थियों के त्रुटिपूर्ण परिणाम बताए गए। कार्यपरिषद की बैठक में विवि प्रबंधन को रिजल्ट सुधारने के निर्देश दिए हैं।

### केस-4

मेडिकल कॉलेज जबलपुर की छात्रा के एक प्रश्न पत्र एवं प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित थी परंतु परीक्षा परिणाम उक्त विषय के अंक त्रुटिवश अंकित हो गए हैं एवं इस विषय में ये उत्तीर्ण हो गई छात्रा का परीक्षा परिणाम फेल दिख रहा है। इस मामले में कार्यपरिषद की बैठक में परिणाम सुधारकर जारी करने को कहा गया।

### केस-5

बीपीटी प्रथम वर्ष छात्रा प्रेमवती कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंस जबलपुर को बायोमेकिनिकल मॉडलिटस विषय के प्रश्न पत्र में अनुपस्थित दर्शाया गया। कहा जा रहा है कि इसकी जांच कराई गई तो यह भूलवश हुआ है। ऐसे मामलों में कार्यपरिषद की बैठक में प्रस्ताव पास कर सही परिणाम घोषित करने को कहा गया।

### केस-6

श्याम शाह मेडिकल कॉलेज रीवा के एक विद्यार्थी द्वारा एमबीबीएस फाइनल पार्ट 2 के ऑनलाइन आवदेन में गलत नामांकन अंकित कर दिया गया। उक्त प्रकरण में गलत नामांकन अंकित किया गया सही नामांकन दर्ज कराने का निर्णय लिया गया और परिणाम जारी करने के निर्देश दिए गए।

### केस-7

बंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थी द्वारा एमबीबीएस फाइनल पार्ट-2 मई 2022 के ऑननलाइन परीक्षा आवेदन में त्रुटिपूर्ण नामांकन अंकित किया गया परंतु उत्तरपुस्तिका में सही नामांकन अंकित किया गया जिसकी वजह से परीक्षा परिणाम जारी नहीं हो सका। कार्यपरिषद ने निर्णय लेते हुए तय किया सुधार कर नए परिणाम जारी किए जाए।

---

## मेडिकल यूनिवर्सिंटी के प्रेमी जोड़े

# सहायक रजिस्टार के पद से अलग हुए फिर भी नर्सिंग का निरीक्षण करने पहुंच गए

जबलपुर, यशभारत। मप्र आयुविज्ञान यूनिवसिज्टी के एक महिला और पुरूष डॉक्टर की प्रेम कहानी को लेकर खूब चटकारे लिए जा रहे हैं। दरअसल यह मामला उस वक्त सुखिज्यों में आया जब प्रेमी डॉक्टर को सहायक रजिस्टार पद से अलग कर दिया गया बाबजूद डॉक्टर नसिंज्ग कॉलेज के निरीक्षण में महिला डॉक्टर के साथ पहुंच गए। इसका एक वीडियो यशभारत के पास मौजूद है । बीते दिनों भोपाल के एक नसिंज्ग कॉलेज का निरीक्षण कर मप्र आयुविज्ञान यूनिवसिज्टी के आदेश पर किया गया जिसमें यूनिवसिज्टी के अधिकारियों को शामिल होना था परंतु विवादों के कारण सहायक रजिस्टार पद से हटाए गए एक डॉक्टर उसमें शामिल हो गए। बताया जा रहा है कि डॉक्टर साहब इस वजह से निरीक्षण टीम में शामिल हो गए क्योंकि उनकी एक महिला मित्र टीम में शामिल थी।

### वसूली के उद्देश्य से गए होंगे

इधर विवि के गलियारों में एक चचाज् है कि डॉक्टर साहब निरीक्षण टीम में जबरन इसलिए शामिल हुए कि उन्हें वसूली का अच्छा-खासा अनुभव है इसलिए वह टीम की मदद करने गए थे। बताया जा रहा है कि इस मामले को लेकर टीम के सदस्यों से विवि के वरिष्ठ अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं।

---

## RTO संतोष पाल पर EOW कार्यवाही

# करोड़ों के आसामी के पास नहीं कोई लॉकर अकाउंट स्टेटमेंट भी ठंडे बस्ते में

**जबलपुर यश भारत। आर्थिक अपराध शाखा द्वारा पिछले दिनों जबलपुर के आरटीओ संतोष पाल के घर में हुई छापा मार कार्यवाही के बाद अब नई नई चीजें सामने आती जा रही हैं। जिसमें एक चौंकाने वाली बात सामने आई है। जिसमें बताया जा रहा है कि करोड़ों रुपए के आसामी संतोष पाल और उसकी धर्मपत्नी रेखा पाल के पास एक भी बैंक लॉकर नहीं है।**

ई ओ डब्ल्यू को जो जानकारी मिली है उसके मुताबिक दोनों ही लोगों के नाम पर किसी भी बैंक में कोई लॉकर नहीं मिला है। वही छापे के दौरान संतोष पाल के घर से जो बैंक पासबुक व अन्य खातों की जानकारी मिली थी उसकी डिटेल लंबा समय बीत जाने के बाद भी ई ओ डब्लू को बैंक के द्वारा नहीं दी गई है।



### 2 माह पहले सरेंडर किया लॉकर

ईओडब्ल्यू सूत्रों की माने तो संतोष पाल के पास लगभग 2 माह पहले बैंक लॉकर था लेकिन जब मामला कोर्ट में गया और द्गश्2 के सर्वे की बात सामने आएगी उसके बाद संतोष पाल ने उक्त बैंक लॉकर सरेंडर कर दिया है । वही विभागीय सूत्र इस बात को पुख्ता कर रहे हैं कि जो बैंक खातों की जानकारी छापे के दौरान मिली हुई है उसमें से किसी भी खाते में बैंक लॉकर वर्तमान समय में संतोष पाल या उसकी पत्नी के पास नहीं है।

### चार्जशीट में शामिल होगा मेबन का नाम

संतोष पाल के मामले में प्रमुख बिंदु यह सामने आया था की छापे के पहले पाल के द्वारा अपने घर का कुछ सामान विजय नगर स्थित जॉय स्कूल भेजा गया था। जिसको लेकर जॉय स्कूल संचालक द्वारा साफ इनकार कर दिया गया था और कहा गया था कि इस तरह का कोई भी मामला नहीं हुआ है ।लेकिन श्वह्लह्व अधिकारियों की मानें तो जॉय स्कूल से संतोष पाल का जो सामान बरामद किया गया था शत प्रतिशत सत्य है। आय से अधिक संपत्ति के मामले में जो चार्ज सीट कोर्ट में पेश की जाएगी उसमें जॉय स्कूल के संचालक अखिलेश मेबन के बेटे तनय मेबन का नाम और जॉय स्कूल से सामान की बरामदगी की जानकारी शामिल की जाएगी। जब पाल के घर पर आरटीओ द्वारा छापा मारा गया था तो छापे की खबर लीक होने के चलते आरटीओ द्वारा अपने घर का कुछ कीमती सामान जॉय स्कूल में शिफ्ट किया जा रहा था। जिसकी जानकारी अधिकारियों को लग गई थी और उन्होंने मौके पर जाकर सामान जाप्त किया था और इस दौरान कुछ विवाद की स्थिति भी निर्मित हुई थी जिसमें स्कूल संचालक के बेटे को चोट भी आई थी।

---

# अवैध उत्खनन, भंडारण व परिवहन पर 1,20,28,842 अर्थदंड की वसूली

**जबलपुर, यशभारत।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी ने जिले में जनवरी 2022 से अगस्त माह तक अवैध खनिज परिवहन के 96 प्रकरणों का निराकरण किया, जिसमें 42 लाख 85 हजार 165 रुपये का अर्थदंड जमा कराया। अवैध रेत भंडारण के 30 प्रकरणों का निराकरण किया जाकर 73 लाख 78 हजार 677 रुपये की वसूली की गई। इसी प्रकार अवैध उत्खनन के 06 प्रकरणों का निराकरण किया जा कर 4 लाख 65 हजार 500 जमा कराया गया।जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि इस प्रकार जिले में अवैध खनिज परिवहन, भंडारण व उत्खनन में कुल एक करोड़ 20 लाख 28 हजार 842 रुपए अर्थ दंड के रूप में वसूल किए गए हैं।

---

अधिकारियों का कहना बिल भुगतान ना होने के कारण काटी गई लाइट

# 65 घंटे से अंधेरे के साए में है सरा ग्राम, ग्रामीण परेशान



दिन पेड़ों के नीचे और रात छत पर काटने को मजबूर

***जबलपुर यश भारत। जिले के बोरिया सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाले 3 गांव में जहां पर 100फीसदी से ज्यादा बिल भुगतान पड़ा हुआ है वह की लाइट काट दी गई अधिकारियों का कहना है कि बिल भुगतान होने के बाद लाइट चालू की जाएगी इधर ग्रामीण अपनी इस जटिल समस्या को लेकर काफी परेशान है ग्रामीणों का कहना है कि जिन लोगों ने बिल का भुगतान नहीं किया उन घरों की लाइट काटनी चाहिए किंतु जिन लोगों का भुगतान हो चुका है उनके घरों की लाइट बी काट दी गई***

उल्लेखनीय है कि बोरिया सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाले रसोईया हरदुआ एवं सरा ग्राम मैं बिल का कॉफी भुगतान बकाया होने के कारण यहां की लाइट काट दी गई संबंधित अधिकारियों ने बताया कि इन ग्रामों में 100प्रतिशत बिल का भुगतान बकाया होने के कारण यहां की लाइट काटी गई है सरा ग्राम में लाखों रुपए का भुगतान ना होने के कारण यहां की लाइट भी बंद कर दी गई है। इस संबंध में सरा ग्राम के समाजसेवी आशीष सिंह राजपूत ने जानकारी में बताया कि विगत 30 तारीख को ग्राम की लाइट सुरैया ग्राम से काट दी गई जिससे ग्राम में अंधकार मचा हुआ है बारिश के समय जहरीले जीव जंतु निकलने के कारण ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है वही ग्राम में अनेकों जगह भगवान गणेश की स्थापना हुई है जहां पर लाइट ना होने से पंडाल सूने सूने पड़े हुए हैं ग्राम की आटा चक्की विगत 3 दिनों से बंद पड़ी हुई है ग्रामीणों को गेहूं पिसवाने के लिए दूरदराज जाना पड़ रहा है इस तरह से ग्रामीणों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ग्रामीणों का कहना है कि जिन हितग्राहियों का बिल का भुगतान बकाया नहीं है उन घरों की भी बिजली कर्मियों द्वारा लाइट बंद कर दी गई।

## दिन में पेड़ों के नीचे और छत में काट रहे रात

ग्रामीणों ने बताया कि बीते 65 घंटों से ग्राम की लाइट बंद होने के कारण यह का जनजीवन काफी प्रभावित है ग्रामीण इस भीषण गर्मी में दिन में पेड़ों के नीचे और रात में छतों पर सोने को मजबूर गांव में इस समय लोग बिजली कटौती के कारण जल संकट से जूझ रहे हैं। गांव में बीते तीन दिनों से बिजली सप्लाई पूरी तरह बंद है। आलम यह है कि दिनभर गांव के लोग गर्मी के बचने पेड़ो के नीचे दिन काट रहे हैं और रात में बिना बाउंड्री के छतों पर सोना पड़ रहा है। जहां बच्चों के गिरने का जोखिम बना रहता है। ग्राम के बालमुकुंद पांडे पूर्व सरपंच धर्मपाल चढ़ार संगीत चौधरी इंद्रजीत राजपूत विनीत दुबे सुखदेव बर्मन सुनील सिंह जितेंद्र रजक आदि ने जानकारियां बताया कि इस गांव में 65 हितग्राही है जिनमें से 25 हितग्राहियों के बिल जमा है उसके बाद भी संबंधित विद्युत कर्मियों द्वारा पूरे गांव की लाइट बंद कर दी गई है बारिश के मौसम में ग्रामीणों का रात के समय घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है ग्रामीण बोरिया सब स्टेशन के अधिकारियों से समस्या के समाधान की मांग लेकर गए थे। जहां अधिकारियों ने कहा है शीघ्र समस्या का समाधान होगा।






















स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )